卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं, यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां, नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 19 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर( ऊधमसिंहनगर ) ♦रविवार ♦26 अक्टूबर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## छठ पूजा समाज और प्रकृति की एकता का प्रतीक: मोदी

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 127वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित किया। इस बार उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत छठ पर्व से की और इसे संस्कृति, प्रकृति और समाज की एकता का उत्सव बताया। प्रधानमंत्री ने कहा छठ महापर्व समाज की एकजुटता का सबसे सुंदर उदाहरण है। इस दिन हर वर्ग, हर समुदाय के लोग घाटों पर एक साथ आते हैं। यह भारत की सामाजिक एकता का प्रतीक है।" उन्होंने दिवाली और छठ के अवसर पर लोगों को भेजे अपने पत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि देशवासियों ने उसकी भावनाओं पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हाल ही में 'ऑपरेशन सिंदूर' ने हर भारतीय को गर्व से भर दिया है। उन्होंने बताया कि इस बार उन क्षेत्रों में भी दीपावली के दीये जले, जहाँ कभी माओवादी आतंक का साया रहता था। लोग अब माओवादी हिंसा का पूर्ण अंत चाहते हैं, जिसने उनके बच्चों के भविष्य को खतरे में डाल दिया था उन्होंने कहा। त्योहारों के दौरान स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी में आई वृद्धि का जिक्र करते हुए पीएम ने कहा जीएसटी बचत उत्सव को लेकर लोगों में उत्साह है। बाजारों में



स्वदेशी वस्तुओं की बिक्री बढ़ी है। साथ ही मैंने लोगों से खाद्य तेल की खपत में 10% कमी करने का आग्रह किया था, जिस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर का उल्लेख किया, जहाँ नगर निगम की पहल पर गार्बेज कैफे चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा इन कैफे में लोग प्लास्टिक कचरे के बदले खाना या नाश्ता प्राप्त करते हैं। यह स्वच्छता और जनकल्याण की दिशा में अभिनव प्रयास है। उन्होंने बेंगलुरु के इंजीनियर कपिल शर्मा के कार्यों की सराहना की, जिन्होंने झीलों और कुओं को पुनर्जीवित करने का अभियान शुरू किया है। कपिल शर्मा और उनकी टीम ने अब तक 40 कुएं और 6 झीलों का कायाकल्प किया है। प्रधानमंत्री ने इस बार कॉफी पर विशेष चर्चा करते हुए कहा भारत की कॉफी अपनी सर्वोत्तम कॉफी है। ओडिशा की कोरापुट कॉफी का स्वाद लाजवाब है और इससे किसानों को आर्थिक लाभ भी हो रहा है। उन्होंने बताया कि देश के कई राज्य कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल और पूर्वोत्तर ख्र कॉफी उत्पादन में लगातार प्रगति कर रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की शक्ति उसकी जनभागीदारी और सकारात्मक सोच में है।

## फांसी पर लटका मिला पंत विवि कर्मी का शव

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। शनिवार की रात्रि पंत कृषि विश्वविद्यालय में कार्यरत एक कर्मी का शव उसके घर में फांसी पर लटका पाया गया। सूचना मिलने पर



पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और शव को फांसी से उतारकर अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार नगला डेरी फार्म पंतनगर निवासी 50 वर्षीय मो. अजीम पुत्र शरफुद्दीन शैक्षिक डेरी फार्म नगला में संविदा कर्मी के रूप में ट्रैक्टर आपरेटर पद पर काम करता था। बताया जाता है कि शनिवार की रात्रि पड़ोस के लोगों ने उसे घर में ही फांसी पर लटका देखा गया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे का निरीक्षण कर शव अपने कब्जे में लिया। बताया जाता है कि मृतक अजीज के पुत्र व पुत्री का विवाह हो चुका है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

## संदिग्ध हालातों में जहर खाने से महिला की मौत

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। गत सायं ग्राम चंदनपुर दिनेशपुर में संदिग्ध हालातों में महिला ने विषपान कर लिया उसकी देर सायं यहां एक निजी चिकित्सालय में



उपचार दौरान मौत हो गई। सूचना मिलने प पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार ग्राम चंदनपुर दिनेशपुर निवासी सोहन गोस्वामी ट्रांसपोर्ट कम्पनी में काम करता है। उसकी पत्नी 27 वर्षीय नेहा व एक पुत्र और एक पुत्री है। बताया जाता है कि सोहन गत दिवस रोज की तरह ड्यूटी पर गया था। जिसके जाने के बाद पत्नी नेहा ने पुत्र को खाना खिलाया और पुत्री को स्कूल छोड़ने चली गई। दोपहर में पुत्र ने देखा कि उसकी माता के मुंह से झाग निकल रहा है और वह बेसुध पड़ी हुई है। उसके शोर की आवाज सुनकर आसपास के (शेष पृष्ठ सात पर)

## बिजनौर का हिस्ट्रीशीटर सुहैल उर्फ सोनू गिरफ्तार

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। एसएसपी मणिकांत मिश्रा के कुशल निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कुंडा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने कुंडा क्षेत्र से उत्तर प्रदेश बिजनौर के अफजलगढ़ का हिस्ट्रीशीटर अपराधी सुहैल उर्फ सोनू पुत्र शमीम अहमद को गिरफ्तार किया है। हिस्ट्रीशीटर अपनी पहचान छिपाकर फर्जी आधार कार्ड पर "मोहम्मद जैद" नाम से जसपुर, कुंडा और काशीपुर क्षेत्र में किराए पर रह रहा था। शनिवार को एसएसपी ने बताया कि पीड़ित फईम अहमद पुत्र मोहम्मद हनीफ निवासी महुआखेड़ा गंज, थाना आईटीआई



ने 9 अक्टूबर 2025 की रात अपनी मोबाइल शॉप बैलजुड़ी, कुंडा क्षेत्र से 12 मोबाइल फोन, 1 लैपटॉप, 1 एलसीडी और 1 साउंड बॉक्स चोरी होने की तहरीर 20 अक्टूबर 2025 को दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। एसएसपी ने बताया कि गठित कुंडा पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल सर्विलांस, मैनुअल पुलिसिंग के माध्यम से कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से 8 स्मार्टफोन,1 सैमसंग एलसीडी, 1 साउंड बॉक्स व अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस की जांच के दौरान यह भी खुलासा हुआ कि चोरी किए गए शेष 4 मोबाइल फोन व 1 लैपटॉप को नौशाद आलम पुत्र मोहम्मद अकरम निवासी मोहल्ला गुजरातियान, जसपुर को बेचा गया था। वह फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए टीम की कार्रवाई जारी है। अपराधिक रिकॉर्ड गिरफ्तार अभियुक्त सुहैल उर्फ सोनू थाना अफजल (शेष पृष्ठ सात पर)

## कृष्ण कृपा मिशन ट्रस्ट ने निकाली भव्य कलश यात्रा

किच्छा( उद संवाददाता)। कृष्ण कृपा मिशन चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावध ान में रविवार को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। यह कलश यात्रा नैनीताल बैंक स्थित कथा स्थल से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए पुनः कथा स्थल पर संपन्न हुई। इस अवसर पर नगर में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। कलश यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु महिलाएं सिर पर कलश लेकर शामिल हुईं, जिनके जयकारों से सम्पूर्ण नगर गुंजायमान हो उठा। कलश यात्रा के मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। यात्रा में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में



सुसज्जित होकर भक्ति गीतों पर नाचते-गाते चल रही थीं। बैंड-बाजे और शोभायात्रा की भव्यता ने आयोजन को और भी आकर्षक बना दिया। भक्तों के कदमों के साथ-साथ माहौल पूरी तरह आध्यात्मिक रंग में रंग गया।कलश यात्रा के समापन के बाद सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ हुआ, जिसमें संत श्री स्वामी जी महाराज द्वारा प्रवचन दिया जा रहा है। स्वामी जी अपने प्रवचनों के माध्यम से श्रीकृष्ण लीला और जीवन में भक्ति के महत्व पर प्रकाश डाल रहे हैं। यह कथा सात दिनों तक चलेगी, जिसका समापन 3 नवंबर (शेष पृष्ठ सात पर)

## मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में ऊर्जा विजिलेंस के छापे

### तेईस जगहों पर पकड़ी बिजली चोरी,बिजली चोरों में हड़कंप

हरिद्वार (उद संवाददाता)। ऊर्जा निगम की विजिलेंस टीम ने मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र पिरान कलियर में बड़े पैमाने पर बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने अलग-अलग मोहल्लों और बस्तियों में छापेमारी करते हुए कुल 23 मामलों में विद्युत चोरी पकड़ी। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। देहरादून विजिलेंस ऊर्जा निगम और रूड़की विद्युत विभाग की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की। टीम ने पिरान कलियर क्षेत्र में कई जगहों पर जांच की, जहां लोगों द्वारा सीध ेतार जोड़कर या मीटर से छेड़छाड़ कर



बिजली की चोरी की जा रही थी। ऊर्जा निगम की टीम ने बताया कि चोरी के सभी 23 मामलों में संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एसडीओ रूड़की ऊर्जा निगम, अनिता सैनी ने बताया कि टीम ने कलियर क्षेत्र में गहन जांच की और कुल 23 मामलों में विद्युत चोरी पकड़ी गई है।इन सभी के खिलाफ नियमानुसार (शेष पृष्ठ सात पर)

## 'उत्तराखंड के मदिरा प्रेमियों' ने दीवाली पर 'तोड़े सारे रिकॉर्ड'

### महज 15 दिन में 6-67 लाख पेटी शराब पी गए उत्तराखंड के शराबी,पिछले साल की तुलना में शराब की बिक्री में 20 से 25 प्रतिशत तक का इजाफ

-अर्श-

देहरादून।पर्वतीय राज्य उत्तराखंड में अबकी बार की दीपावली पर सुरा प्रेमियों ने जी भर जाम छलकाए। आबकारी विभाग के आंकड़ों के अनुसार इस दफा के दीपोत्सव की मस्तियों के बीच शराब बिक्री ने सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ते हुए नए आयाम को छू लिया है। दीपावली से पहले शुरू हुआ शराब की खरीदारी का दौर शराब व्यापारियों और आबकारी विभाग दोनों ही के लिए स्वर्णिम साबित हुआ है। इस बार पिछले साल की तुलना में शराब की बिक्री में लगभग 20 से 25 प्रतिशत तक का इजाफा दर्ज किया गया है। शराब बिक्री का यह आंकड़ा पिछले सालों के मुकाबले काफी ज्यादा है।राज्यभर में महज 15 दिनों के भीतर 6.67 लाख पेटी शराब की बिक्री हुई है। वहीं 367 करोड़ रुपए से ज्यादा की शराब दीपावली सीजन में बिक चुकी है। यानी दीपावली सीजन में उत्तराखंड के भीतर रोजाना करोड़ों के जाम छलके और सरकार के खजाने में भी आमदनी की झड़ी लग गई।राजधानी देहरादून, धार्मिक नगरी हरिद्वार, राज्य के औद्योगिक नगरों रुद्रपुर, हल्द्वानी एवं



काशीपुर तथा प्रमुख पर्यटन केंद्र मसूरी व नैनीताल के मदिरा प्रेमियों में त्योहार के मौके पर शराब की सेवन को लेकर एक खास क्रेज देखा गया। इन शहरों की शराब की दुकानों पर दीपावली से पहले ही लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थी। तमाम देसी एवं विदेशी ब्रांडों की बोतलें हाथों-हाथ उठ गईं। शराब की रिकॉर्ड बिक्री के बाद सेल्समैनों के चेहरे भी मुनाफे की खुशी में दमकते नजर आए।आबकारी आयुक्त अनुराधा पाल के अनुसार इस बार पिछले साल की तुलना में शराब की बिक्री में लगभग 20 से 25 प्रतिशत तक का इजाफा हुआ है। हालात कुछ ऐसे रहे कि कई जगह तो दुकानों पर स्टॉक समय से पहले ही खत्म हो गया।शराब बिक्री का ताजा आंकड़ा पिछले सालों के मुकाबले काफी ज्यादा है। पिछले साल दीपावली के दौरान जहां लगभग 280 से 300 करोड़ की शराब बिकी थी, वहीं इस बार बिक्री में करीब 25 से 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई है। आंकड़े गवाही देते हैं कि इस बार खुशियों के साथ नशा भी डबल डोज में परोसा गया। त्यौहार में शराब की बढ़ी बिक्री ने जहां व्यापारियों की जेबें भर दी, वहीं सरकार के राजस्व खाते में भी मोटी रकम जमा हुई है । इस प्रकार देखा जाए तो उत्तराखंड में इस बार की दीपावली हर तबके के छोटे बड़े व्यापारियों के साथ-साथ शासन के आबकारी विभाग के लिए भी आर्थिक समृद्धि लाने वाली साबित हुई है।

# छठ पर्व श्रद्धा और परंपराओं का अवसर : पीएम

## भाजपा नेता चुघ ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 127 वें एपिसोड का प्रसारण किया गया। जिसे देशभर में 33 भाषाओं और 29 बोलियां में सुना गया। जिसमें प्रधानमंत्री मोदी ने त्योहारों से लेकर ऑपरेशन सिंदूर, सरदार पटेल की जयंती, स्वदेशी रोजगार ,पर्यावरण की रक्षा समेत तमाम विषयों पर चर्चा की जिसे पूरे देशवासियों ने घर-घर में ध्यान से सुना। इसी क्रम में भाजपा सह प्रभारी काशीपुर भारत भूषण चुघ ने अपने सहयोगियों के साथ मन की बात बूथ संख्या 141जितेंद्र संधू के प्रतिष्ठान पर परिचर्चा में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने त्योहारों से मन की बात की शुरुआत की। दीपावली के त्यौहार के बाद छठ पूजा का उत्सव पूरे देश में हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है । छठ पर्व श्रद्धा, अपनापन और परंपराओं का अवसर है जो बेहद ही प्रेरणादायक है। पीएम मोदी ने कहा कि छठ पूजा देश की एकता का सुंदर उदाहरण है। पीएम मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने देश के करोड़ों लोगों का गर्व से भर दिया। जिस प्रकार से भारत के वीर सैनिकों ने दुश्मन देश को करारा जवाब दिया वह दुश्मन देश याद रखेगा। पीएम मोदी ने कहा कि जीएसटी बचत को भी लेकर देशवासियों में खासा उत्साह है। भाजपा नेता चुघ ने कहा कि मन की बात



कार्यक्रम में पीएम मोदी ने स्वदेशी अपनाने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि देश में स्वदेशी खरीदारी में इजाफा हुआ है और लोगों में स्वदेशी के प्रति रुझान बड़ा है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में कॉर्पोरेशन ने एक नई पहल शुरू की है कि प्लास्टिक कचरा साफ करने पर उन्हें खाना खिलाया जाएगा और बेंगलुरु में भी कपिल के नेतृत्व में युवाओं ने झीलों और कुओं को साफ करने की मुहिम प्रारंभ की है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान को भी आगे बढ़ने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बीएसएफ और सीआरएफ के दस्तों में भारतीय नसलों के डाग की संख्या बढ़ाई गई है ताकि वह देश की रक्षा के लिए सजग प्रहरी बन सकें ।पीएम मोदी ने कहा कि 31 अक्टूबर को देशभर में सरदार वल्लभभाई पटेल की डेढ़ सौ वीं जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। उन्होंने सरदार पटेल के जीवन पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सुशासन प्राथमिकता है ।पीएम मोदी ने कहा कि सरदार पटेल की जयंती पर सभी देशवासी रन फॉर यूनिटी में शामिल हो और युवा चेतना का अवसर बने। पीएम मोदी ने कोरापुट की कॉफी का भी जिक्र किया ।साथ उन्होंने कहा कि वंदे मातरम देशवासियों की भावनाओं का उफान है। 7 नवंबर को वंदे मातरम की रचना की डेढ़ सौ वर्ष पूरे हो जाएंगे। जिसे यादगार बनाने के लिए कई आयोजन किए जाएंगे क्योंकि वंदे मातरम भारत की भावनाओं से जुड़ा हुआ है। इसके अलावा भी पीएम मोदी ने कई विषयों पर चर्चा की। इस दौरान मुकेश पाल, मोर सिंह यादव ,अशोक विश्वास, विजय तोमर, रोहित कालड़ा, सुनील सिंह, विशाल कुमार, गीता भारद्वाज, उर्मिला मिश्रा, अनुज शर्मा, अनंत शरण मिश्र समेत तमाम लोग मौजूद थे।

# महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए बांटी गई किट्स

गदरपुर(उद संवाददाता)। कृषि प्रदर्शनी का शुभारंभ आई सी ए आर केंद्रीय कृषि रत महिला संस्थान भुवनेश्वर की निदेशक डॉ.मृदुला ने किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश में तीन करोड़ महिलाओं को लखपति बनाने का संकल्प लिया है। शनिवार को पुरानी अनाज मंडी में आयोजित किए गए कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि कृषक समृद्धि उत्पादक संगठन के सहयोग से महिलाओं को कार्य के लिए आवश्यक किट्स उपलब्धि कराई गई है, इनकी मदद से महिलाएं अपने आमदनी में वृद्धि कर सकेंगी। इस दौरान पहुंचे पालिकाध्यक्ष मनोज गुंबर ने कहा कि कार्यक्रम महिलाओं की आजीविका ,सशक्ति करण की दिशा में एक महत्वपूर्ण




एवं सशक्त कदम सिद्ध होगा । इस अवसर पर आई सी ए आर केंद्रीय कृषि रत महिला संस्थान के सहयोग से एआईसीआरपी पंतनगर विश्वविद्यालय द्वारा सिलाई मशीन, मिनी राइस मिल, फ्लोर मिल, चारा काटने की मशीन ,पानी की मोटर, आटा चक्की जैसी उपयोगी मशीनें प्रदान की गई । इस पहल से कृषक समृद्धि उत्पादक संगठन के लगभग 500 सदस्य लाभान्वित होंगे । प्रदर्शनी में सूरज स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को किट्स बांटी गई, वहां पर वैज्ञानिक डॉक्टर दीपा विनय, डॉक्टर मनीष गहलोत, डॉक्टर सीमा क्वात्रा, डॉक्टर अनिल कुमार, एफपीओ अध्यक्ष त्रिलोक चंद ,सी आई ओ सीमा रानी, विनोद कुमार ,वीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# नाबालिग किशोर के यौन शोषण मामले में कमिश्नर से की शिकायत

रूद्रपुर। शहर के वार्ड नंबर 14 भदईपुरा क्षेत्र में एक नाबालिग छात्र के साथ अप्राकृतिक यौन शोषण की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मामले में अब कुमाऊं मंडल आयुक्त से शिकायत की गयी है। भदईपुरा निवासी राकेश यादव पुत्र स्वर्गीय नन्हूं सिंह ने आयुक्त कुमाऊं को एक शिकायती पत्र भेजकर इस पूरे मामले में पॉक्सो एक्ट के तहत संज्ञेय अपराध दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि वार्ड नंबर 14 निवासी नाबालिग जो सरस्वती विद्या मंदिर में कक्षा 11 का छात्र है के साथ धर्मवीर गंगवार पुत्र तुला राम द्वारा कथित रूप से डरा-धमकाकर और बहला- फुसलाकर अप्राकृतिक यौन संबंध बनाए गए। इस घटना की एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। राकेश यादव का आरोप है कि पीड़ित पक्ष की ओर से दी गई लिखित शिकायत के बावजूद, स्थानीय पुलिस चौकी रमपुरा के कुछ अधिकारियों और कथित दलालों की मिलीभगत से आरोपी धर्मवीर गंगवार को पुलिस हिरासत से मुक्त कर दिया गया। उन्होंने कहा कि यह मामला मीडिया में व्यापक रूप से प्रकाशित व प्रसारित होने के बाद भी पुलिस ने अब तक ठोस कार्रवाई नहीं की। शिकायतकर्ता के अनुसार, पुलिस चौकी रमपुरा में लगी सीसीटीवी फुटेज में कथित समझौता प्रक्रिया की पूरी रिकॉर्डिंग मौजूद है, जिसे देखकर सच्चाई सामने आ सकती है। साथ ही यह भी कहा है कि यदि मामले की सघन जांच की जाये तो आरोपी का नाबालिगों से संबंधित ऐसे कई और मामलों में नाम सामने आ सकता है। राकेश यादव ने कहा कि वह एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते इस घृणित कृत्य को लेकर प्रशासन से न्याय की मांग कर रहे हैं। उन्होंने आयुक्त कुमाऊं से निवेदन किया है कि इस प्रकरण में न्यायसंगत जांच कर आरोपी के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट के तहत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# बेकाबू थार ने फैक्ट्री सुपरवाइजर को रौंदा, मौत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। यहां रामपुर रोड पर देवलचौड चौराहा में एक तेज रफ्तार थार ने घर से सिडकुल रूद्रपुर फैक्ट्री ड्यूटी को जाने पैदल सड़क पार करते सुपरवाइजर को रौंद दिया। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद बेकाबू थार वाहन सैलून की दुकान और पानी के पाइप से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह करीब छह बजे टीपी नगर चौराहा के पास देवलचौड आनंदा एकेडमी मार्ग स्थित सत्यलोक कालोनी निवासी 52 वर्षीय जीवन पंत जो रूद्रपुर में एक फैक्ट्री में सुपरवाइजर पद पर कम करते थे ड्यूटी जाने को देवलचौड चौराहा पार कर रहे थे कि उसी दौरान रूद्रपुर की ओर से उत्तर प्रदेश नंबर की तेज रफ्तार थार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पंत मौके पर ही



लहुलूहान होकर अचेत हो गए। बेकाबू थार वाहन पास ही सैलून की दुकान और पानी के पाइप से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया। मामले की सूचना मिलने पर टीपी नगर चौकी पुलिस कर्मी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने थार वाहन कब्जे में लेकर घायल जीवन पंत को तुरंत सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, वाहन चलाने वाला व्यक्ति एक पर्यटक था। जिसे पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है।

# रूद्रपुर में पहला तीन दिवसीय कुमाऊंनी भाषा सम्मेलन 7 नवंबर से

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर में पहली बार कुमाऊंनी भाषा का तीन दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। यह ऐतिहासिक आयोजन 7 से 9 नवंबर तक आयोजित होगा। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में आयोजन की रूपरेखा तय की गई और विभिन्न जिम्मेदारियां सौंप दी गईं। कार्यक्रम की मीडिया व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए चन्दोला होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के एमडी डॉ. के.सी. चन्दोला को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि कुमाऊंनी भाषा उत्तराखंड की सांस्कृतिक पहचान है, जो आज धीरे-धीरे पलायन और आधुनिकता की दौड़ में पिछड़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि इस भाषा के संरक्षण और प्रचार-प्रसार पर अब ध्यान नहीं दिया गया, तो यह भी अन्य कई क्षेत्रीय भाषाओं की तरह विलुप्ति की कगार पर पहुँच सकती है। वक्ताओं ने जोर देते हुए कहा कि कुमाऊंनी भाषा का इतिहास अत्यंत समृद्ध और गौरवशाली रहा है। इस भाषा के संरक्षण के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आना होगा। सम्मेलन में इस दिशा में ठोस रणनीति और कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी। सम्मेलन के दौरान कुमाऊंनी लोक संस्कृति, लोक गीत, नृत्य और पारंपरिक कला पर आधारित विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे, जो आयोजन का मुख्य आकर्षण होंगे। बैठक में किशोर चन्दोला, दयाल पाण्डे, हेम पंत, आनंद सिंह धामी, रमेश चन्द्र जोशी, लक्ष्मी चन्द्र पंत, डॉ. ललित मोहन उप्रेती, डॉ. बी.एस. बिष्ट, बी.डी. भट्ट, नारायण सिंह खोलिया, महेश चन्द्र पंत, योगेन्द्र दत्त बिष्ट और शंभू पाण्डेय शैलेय सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पालिका अध्यक्ष ने करवाई नहरों की सफाई

गदरपुर(उद संवाददाता)। आगामी छठ पूजा पर्व को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष मनोज कुमार मिंटू एवं सभासदों के दिशा-निर्देशन में नगर पालिका द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। गूलरभर रोड स्थित रेड रोज कॉन्वेंट स्कूल तक जाती नहर की नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा पूरी तरह सफाई कराई गई।नगर पालिका अध्यक्ष मनोज कुमार मिंटू ने बताया कि छठ पूजा आस्था और स्वच्छता का प्रतीक पर्व है। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए नगर पालिका द्वारा सभी छठ घाटों और आस-पास के क्षेत्रों में सफाई, जल निकासी और सौंदर्यीकरण का कार्य कराया



जा रहा है।उन्होंने कहा कि नगर पालिका की टीम पूरी तत्परता से कार्य कर रही है ताकि श्रद्धालु स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण में पूजा-अर्चना कर सकें।इस अवसर पर नगर पालिका के सभासद प्रतिनिधि बृजेश बिल्लन सभासद मुकेश चावला सभासद परमजीत सिंह पम्मा सहित एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# वाहनों में पेट्रोल डालकर आग लगाने का प्रयास

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। कुछ दिन पूर्व रुद्रपुर कोतवाली से तमंचे के साथ गिरफ्तार और सामिया लेक सिटी निवासी महिला के घर में घुसकर छेड़छाड़ करने वाले ने कालोनी के गेट पर वाहनों में पेट्रोल डालकर आग लगाने का प्रयास किया। विरोध करने पर सुरक्षा कर्मी की धुनाई कर वर्दी उतरवा दी। इससे मौके पर अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। साथ ही आरोपित की तलाश शुरू कर दी गई है।पुलिस के अनुसार, शनिवार सुबह सामिया लेक सिटी निवासी रवि यादव सामिया लेक सिटी गेट पर पहुंचा और वाहनों में पेट्रोल डालकर आग लगाने का प्रयास किया। यह देख सुरक्षा कर्मियों ने विरोध किया तो मारपीट कर एक की वर्दी उतरवा दी। शोर शराबा होने पर कालोनी के लोग एकत्र हुए तो आरोपित फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी ली। इस दौरान कालोनी के लोगों का कहना था कि आरोपित पूर्व में रुद्रपुर कोतवाली से तमंचे में जेल जा चुका है। जबकि बुध वार रात को सामिया लेक सिटी निवासी रितु राजपूत पत्नी अवनीश कुमार से घर में घुसकर छेड़छाड़ की थी। जब वह कोतवाली शिकायत करने जा रहे थे तो आरोपित सामिया लेक सिटी निवासी रवि यादव पुत्र समय पाल यादव ने उनका रास्ता रोक लिया था। साथ ही तमंचा तानकर पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी थी। तब से वह कालोनी के लोगों से रंजिश रख रहा है। इसी के चलते उसने कालोनी गेट पर खड़े वाहनों में आग लगाने का प्रयास किया। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि जांच की जा रही है। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए जा रहे है।

# फोन पर अभद्र भाषा का प्रयोग कर धमकाने का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रंजीत कुमार पुत्र राम सिंह निवासी ग्राम मोहनपुर नंबर एक गदरपुर ने कोतवाली में हरियाणा निवासी युवक पर फोंन पर अभद्र भाषा का प्रयोग कर धमकाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज रपट में रंजीत का कहना है कि गौरव शर्मा पुत्र अशोक कुमार निवासी पंचकुला, हरियाणा को कुछ समय पहले से जानता है। उसके द्वारा परिचित गुरविंदर निवासी लुधियाना के खिलाफ अभद्र भाषा एवं गाली-गलौच देते हुए एक वीडियों क्लिप सोशल मीडिया पर अपलोड की गयी। जिस पर उसने अपना परिचय देते हुए गौरव शर्मा से बात की तो उसने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। तब गौरव को बोला थोडा तहजीब से बात कीजिए हमारे बाबा और हमारे लिए अभद्र टिप्पणी क्यों कर रहे हो। आरोप है यह सुनकर गौरव शर्मा और ज्यादा भडक गया और बोला जैसे उसने तेरे बाबा को सबक सिखाया है। बैसे ही तुझे सबक सिखा दूंगा। उसके द्वारा जान से मारने की धमकी दी गयी। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# विशाल मेहरा बने चन्दौला होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के मीडिया प्रभारी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। किच्छा रोड, लालपुर स्थित चन्दौला होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल तथा वसुंधरा नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज के प्रबंध निदेशक डॉ. के.सी. चन्दौला ने पत्रकार विशाल मेहरा को कॉलेज का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के साथ ही उन्हें कॉलेज से संबंधित समस्त प्रचार-प्रसार, मीडिया संप्रेषण एवं जनसंपर्क गतिविधियों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉ. चन्दौला ने कहा कि



विशाल मेहरा एक ऊर्जावान और सक्रिय पत्रकार हैं, जो लंबे समय से जनसरोकार से जुड़े मुद्दों पर कार्य कर रहे हैं। उनके अनुभव से कॉलेज को मीडिया जगत में एक नई पहचान मिलेगी। विशाल मेहरा की इस नियुक्ति पर शहर के पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# होटल की तरह संचालित हो रहे होमस्टे की जांच के निर्देश

## आयुक्त रावत ने जनसुनवाई में कई वाद सुलझाए

हल्द्वानी (उद संवाददाता) कैम्प कार्यालय हल्द्वानी में शनिवार को आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में आयुक्त एवं सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने जनता की विभिन्न शिकायतें



सुनीं और अनेक मामलों का त्वरित निस्तारण किया। इस मौके पर भूमि विवाद, मुआवजा, सड़क और बिजली जैसी समस्याओं से संबंधित अधिकतर शिकायतें सामने आईं। कार्यक्रम के दौरान एक महिला ने बताया कि कोविड काल में उसके पति की मृत्यु के बाद उनके सभी दस्तावेज, जिनमें आधार कार्ड भी शामिल था, नष्ट हो गए थे। आधार कार्ड न होने के कारण वह दो वर्ष से सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रही थीं। पूर्व जनसुनवाई में आयुक्त के निर्देशों के बाद अब उनका नया आधार कार्ड बन चुका है, जिसके लिए महिला ने प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। भूमि विवाद से जुड़े एक मामले में गुसाईपुर क्षेत्र के एक व्यक्ति ने शिकायत की कि उसने 66 लाख 50 हजार रुपये में भूमि खरीदी थी, लेकिन विक्रेता ने न तो रजिस्ट्री की और न धनराशि लौटाई। आयुक्त के हस्तक्षेप के बाद विक्रेता ने 10 लाख रुपये का चेक दिया और शेष राशि 31 जनवरी 2026 तक लौटाने का लिखित आश्वासन दिया। गौलापार क्षेत्र के एक अन्य भूमि धोखाधड़ी मामले में आयुक्त ने संबंधित क्षेत्राधिकारी को आरोपी के विरुद्ध लैंड फ्रॉड एक्ट में शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर आई एक अन्य शिकायत में नैनीताल के एक होटल द्वारा डिजिटल प्लेटफॉर्म से की गई बुकिंग को आगमन के दिन रद्द कर अन्य स्थल में ठहरने की सलाह देने का मामला सामने आया। जांच में पाया गया किसंबंधित प्रतिष्ठान होम स्टे के नाम पर पंजीकृत था, पर वास्तव में होटल की तरह संचालन किया जा रहा था जो नियमों के विपरीत है। आयुक्त दीपक रावत ने इस पर सख्त रुख अपनाते हुए जिला पर्यटन अधिकारी को उक्त होटल को नोटिस जारी कर उसका पंजीकरण रद्द करने और जिले के सभी होम स्टे की जांच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के संचालन से सेवाओं की गुणवत्ता प्रभावित होती है तथा ब्रांड श्उत्तराखंडश की छवि पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। कार्यक्रम में चौसला क्षेत्र से आए नागरिकों ने जलजीवन मिशन और पानी की टंकियों से जुड़ी समस्याएं बताईं, जबकि भीमताल क्षेत्रवासियों ने अवैध पेड़ कटान की जानकारी दी। एक औषधि विक्रेता ने रेडक्रॉस से संबंधित लंबित बिलों के भुगतान का मुद्दा उठाया, जिस पर आयुक्त ने मुख्य चिकित्साधिकारी को तलब कर संबंधित निवर्तमान सचिव के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। आयुक्त दीपक रावत ने कहा कि जनहित के सभी मामलों में पारदर्शिता और त्वरित निस्तारण प्रशासन की प्राथमिकता है। अधिकांश शिकायतों का समाधान स्थल पर ही किया गया।

# धूमधाम से मनाई जायेगा राज्य स्थापना दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राज्य स्थापना के 25 वर्ष रजत जयंती हर्षोल्लास व धूमधाम से बनाई जायेगी। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने राज्य स्थापना रजत जयंती कार्यक्रमो की तैयारियों की बैठक लेतु हुए कहा कि 01 नवम्बर से 09 नवम्बर तक जनपद में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें व 09 नवम्बर राज्य स्थापना दिवस जनपद मुख्यालय के साथ ही सभी तहसीलो में कार्यक्रम आयोजित होगें एवं ग्राम पंचायत की बैठके भी आयोजित की जायेगीं। मुख्य कार्यक्रम गांधी पार्क में आयोजित होगा। कार्यक्रम में विभागीय प्रदर्शनी के साथ ही स्वास्थ्य शिविर लगाया जायेगा व स्वयं सेवी संस्थाओ, उद्यमियों, प्रगतिशील



कृषकों, राज्य आन्दोलनकारियों, पूर्व सैनिकों को आमंत्रित किया जायेगा। विद्यालयो में भाषण, निबंध, पेंटिंग प्रतियोगिताए आयोजित किये जायगे व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेगें। जिलाधिकारी ने कार्यक्रमो में जनप्रनिधियों को भी आमंत्रित करने के निर्देश सभी उप जिलाधिकारियों को दिये।रजत जयंती के अवसर पर 07 नवम्बर को पंतनगर विश्वविद्यालय में कृषक गोष्ठी आयोजित की जायेगी व युवा कल्याण द्वारा पंतनगर में युवा महोत्सव भी आयोजित किया जायेगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, उप जिलाधिकारी गौरव पाण्डेय, ऋचा सिंह, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत उपस्थित थे व सीएमओ डॉ. केके अग्रवाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत सहित सभी उप जिलाधिकारी वर्चुअल माध्यम से जूड़े थे।

# ट्रंचिंग ग्राउंड में लगी दूसरी प्रोसेसिंग मशीन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त बनाने की दिशा में एक और अहम कदम उठाया गया है। मुख्य नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने गौलापार स्थित ट्रंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ नगर स्वास्थ्य अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान ट्रंचिंग ग्राउंड में अपशिष्ट निस्तारण के लिए दूसरी प्रोसेसिंग मशीन को इंस्टॉल कर चालू किया गया। दो मशीनों के संचालन से अब पुराने एकत्रित कचरे के निस्तारण की प्रक्रिया दुगनी तेजी से



हो सकेगी। मुख्य नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने बताया कि नगर क्षेत्र में प्रतिदिन बड़ी मात्रा में अपशिष्ट एकत्र होता है। दूसरी प्रोसेसिंग मशीन शुरू होने से अपशिष्ट निस्तारण की क्षमता बढ़ेगी और पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता मिशन को भी बल मिलेगा।उन्होंने कहा कि नगर निगम का लक्ष्य शहर को स्वच्छ, स्वस्थ और हरित हल्द्वानी बनाना है। इस दिशा में ट्रंचिंग ग्राउंड पर आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर कचरा निस्तारण प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है

# विकास कार्यों को समयबद्धता, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण करायें: डीएम

भीमताल(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने शनिवार को विकास भवन सभागार भीमताल में जिला योजना, राज्य योजना, केंद्र पोषित तथा बाह्य सहायतित योजनाओं सहित बीस सूत्री कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागीय कार्य समयबद्धता, पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि समयबद्धता,पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ कार्य किए जाय। उन्होंने कहा कि शासकीय कार्यों में किसी भी प्रकार की हीलाहवाली क्षम्य नहीं होगी। अकर्मण्यता व निष्कृता नहीं चलेगी। अधिकारी अपनी कार्यशैली में सुधार लाएं, समय पर जनता के कार्य हों। जनपद के सभी सड़क मार्गों में जहॉ जहॉ पैच वर्क होना बांकी है यथाशीघ्र पूर्ण कराया जाए,इसमें अब किसी भी प्रकार की देरी मंजूर नहीं होगी। सड़क निर्माण विभाग के मुख्या सड़क में उतर कर स्वयं मौके पर कार्य कराएं। धनराशि खर्च करना महज उद्देश्य न होकर धनराशि का पूर्ण सदुपयोग हो, इसे प्राथमिकता दी जाय । जनता को सरकार की योजनाओं का समय पर लाभ मिले यह प्रथम प्राथमिकता अधिकारियों की होनी चाहिए। निर्माण एजेंसियों से जुड़े अधिकारी फील्ड में जाकर निर्माण कार्यों और योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर गुणवत्ता की जांच करेंगे। लाभार्थी परक योजनाओं में फील्ड में जाकर लाभार्थियों का चयन किया जाए ताकि वास्तविक कार्य करने वाले लाभार्थी को ही सरकारी योजना का लाभ मिल सके जिससे उसकी आजीविका में वृद्धि हो निर्माण कार्य समय पर हों इस हेतु निवदाएं व टेंडर की प्रक्रिया समय में पूर्ण कराएं ताकि कार्य शीघ्र प्रारम्भ होकर समय से पूर्ण हों। सभी विभागों की प्रथम प्राथमिकता जनता के कार्यों को समय पर पूर्ण करना है ताकि



उन्हें कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़े । अधिकारी जनता के बीच जाकर उन्हें विभाग की योजनाओं का लाभ प्रदान करें। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया कि जनपद की सड़कों को शीघ्र गड्ढामुक्त किया जाए तथा पैचवर्क के कार्यों में तेजी लाई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला, राज्य, केन्द्र एवं बाह्य सहायतित योजनाओं में प्राप्त धनराशि समय पर व्यय हो व उसका पूर्ण सदुपयोग हो इसकी जिम्मेदारी विभागीय अधिकारी की रहेगी। उन्होंने बीस सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत 42 मदों में जिनमें वर्तमान में । श्रेणी में 21, ठ श्रेणी में 10, ब श्रेणी में 5 और क श्रेणी में 6 विभाग शामिल हैं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि ठ, ब एवं क श्रेणी में जो विभाग हैं वह लक्ष्य पूर्ति कर । श्रेणी में लाने के लिए ठोस कदम उठाएं।जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों की आय में बृद्धि लाने हेतु उन्हें विभागीय योजनाओं व सभी आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराएं । उन्होंने किसानों की फसलों की सुरक्षा के दृष्टिगत संवेदनशील क्षेत्रों में तारबाड़ (फेंसिंग) की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश कृषि, उद्यान व उरेडा विभाग को दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही व हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विकास कार्यों को गति प्रदान कर जनता के हित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ संपन्न किया जाए। इससे पूर्व प्रथम बार विकास भवन आगमन पर मुख्य विकास अधिकारी अनामिका ने जिलाधिकारी का स्वागत करते हुए उन्हें जिला, राज्य, केन्द्र एवं बाह्य सहायतित योजनाओं की वर्तमान प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने अवगत कराया कि वर्तमान जिला योजना अंतर्गत 7020.50 लाख (सत्तर करोड़ बीस लाख पचास हजार) प्राप्त धनराशि के सापेक्ष वर्तमान तक 3204.23 लाख कुल 45 प्रतिशत धनराशि व्यय कर ली गई है। इसी प्रकार राज्य सेक्टर में 57 प्रतिशत, केन्द्र पोषित में 87 प्रतिशत व बाह्य सहायतित में शत प्रतिशत धनराशि व्यय हो गई है। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी नैनीताल ए के गंगवार, जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी,जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी मुकेश नेगी सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# रितेश मनोचा का 'श्याम तेरा सजता रहे दरबार' भजन रिलीज

रूद्रपुर। शहर के सुप्रसिद्ध भजन गायक रितेश मनोचा का नया भजन 'श्याम तेरा सजता रहे दरबार' बड़े ही धूमधाम के साथ रिलीज किया गया। यह भजन लखदातार म्यूजिक एंड फिल्म्स के बैनर तले तैयार किया गया है। भजन के भावपूर्ण बोल देश के प्रसिद्ध भजन लेखक जय शंकर चौधरी 'बनवारी' द्वारा लिखे गए हैं। मनमोहक संगीत और रितेश मनोचा की सुरीली आवाज ने इस भजन को और भी खास बना दिया है। भजन को 24 अक्टूबर की सुबह 11 बजे रिलीज किया गया। रिलीज होते ही इस भजन को श्रोताओं का अपार प्रेम मिला और कुछ ही घंटों में इसे 15 हजार से अधिक लोगों ने देख लिया। यह आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है,




जिससे स्पष्ट है कि भजन भक्तों के दिलों को गहराई से छू रहा है। नगर की विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं ने इस उपलब्धि पर गायक रितेश मनोचा को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। श्री श्याम प्रेमियों ने भी इस नए भजन को 'भक्ति का अनमोल उपहार' बताते हुए कहा कि रितेश मनोचा अपने भजनों के माध्यम से भक्ति संगीत की परंपरा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचा रहे हैं।भजन 'श्याम तेरा सजता रहे दरबार' अब लखदातार म्यूजिक एंड फिल्म्स के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध है और तेजी से लोकप्रियता प्राप्त कर रहा है।

# छठ पूजा घाटों का शुक्ला ने किया निरीक्षण

पंतनगर (उद संवाददाता)। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने पंतनगर नगला क्षेत्र के विभिन्न छठ पूजा घाटों शांतिपुरी गेट नगला, गोल गेट, एलआईसी ग्राउंड के निकट, टा कॉलोनी, मॉडल कॉलोनी, फूलबाग सेंटर, एल ब्लॉक, संजय व मस्जिद कॉलोनी का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छठ पूजा समितियों के सदस्यों से मुलाकात कर स्वच्छता व्यवस्था, रंगाई-पुताई व तैयारियों का जायजा लिया तथा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि छठ महापर्व लोक आस्था, पवित्रता और अनुशासन का प्रतीक है। स्वच्छ और सुचारू व्यवस्था बनाकर श्रद्धालुओं को निर्बाध पूजा का वातावरण उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने नगर पालिका नगला द्वारा चलाए जा रहे विशेष सफाई एवं सौंदर्यीकरण अभियान



की भी सराहना की और कहा कि प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से छठ पर्व की सभी तैयारियां पूरी मजबूती से की जा रही हैं।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सचिन शुक्ला, सभासद गोपाल जोशी, अजय कुमार, सुनील रोहिल्ला, देवेंद्र यादव, बी.वी. मिश्रा, सुनील यादव, सुनील प्रजापति, मंडल अध्यक्ष पिंकी डिमरी, मोनू गुप्ता, धर्म सिंह यादव, प्रभुनाथ सिंह, नरेंद्र कुमार सहित अन्य साथी उपस्थित रहे।

# ओवरलोड डंपर की टक्कर से बाइक सवार गंभीर

## ईलाज में भारी भरकम खर्च से परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

गदरपुर(उद संवाददाता)। ब्लड डोनेट कर अपने घर जा रहे बाइक सवार को अनियंत्रित ओवरलोड डंपर ने बुरी तरह रौंद डाला । गंभीर घायल अवस्था में युवक को रुद्रपुर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया । जहां चिकित्सकों द्वारा 15 लाख रुपए का खर्चा बता कर परिवार के होश उड़ा दिए गए। परिवार द्वारा समाजसेवी, धार्मिक संस्थाओं से गुहार लगाकर मदद की अपील की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खुशालपुर, तहसील गदरपुर, जिला उधम सिंह नगर निवासी बूटा सिंह (22 वर्ष) पुत्र मक्खन सिंह रुद्रपुर में किसी परिचित मरीज के लिए खून दान करके वापस अपने घर खुशालपुर आ रहा था वही मुख्य मार्ग पर भैंसिया मोड़ के पास अनियंत्रित एक मिट्टी भरे डंपर ने पीछे से टक्कर मार कर उसे बुरी तरह रौंद दिया जिस पर बूटा सिंह बुरी तरह घायल होकर सड़क किनारे तड़पने लगा राहगीरों द्वारा उसे तत्काल रुद्रपुर के निजी अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने बताया कि उसकी दोनों टांगें बुरी तरह कुचली गई हैं जिस पर लगभग 15 लाख रुपए का खर्चा बताया गया । मेहनत मजदूरी करने वाले बूटा सिंह के पिता मक्खन सिंह ने बताया कि उसका इकलौता पुत्र जोकि बुरी तरह घायल और निजी अस्पताल में उपचाराधीन है और तीन पुत्रियों का परिवार का पालन पोषण करते हैं उन्होंने सभी से मदद की गुहार लगाते हुए बारकोड भी दिया है । वहीं आरोपी डंपर चालक वाहन लेकर फरार होने की ताक में था परंतु लोगों की जागरूकता से उसे पड़कर महतोष पुलिस चौकी में खड़ा कर दिया गया है। मक्खन सिंह ने प्रार्थना पत्र देकर पुलिस से कार्रवाई एवं मदद की गुहार लगाई है।

# श्रीमद भागवत कथा से पूर्व निकली भव्य कलश यात्रा

## विधायक बेहड़, पूर्व विधायक ठुकराल, सुशील गाबा, जुनेजा सहित दर्जनों समाजसेवियों ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत





रूद्रपुर( उद संवाददाता)। मंदिर मनकामेश्वर कल्याण आश्रम, कल्याणी व्यू जी में महंत स्वामी श्रीनारायण चौतन्य ब्रहम्चारी महाराज जी के मुखारबिन्द से आयोजित होनें वाली श्रीमद् भागवत कथा के निमित आज मंदिर मनकामेश्वर कल्याण आश्रम से भव्य कलश यात्रा का आयोजन हुआ। इस श्रीमद् भागवत कथा के आयोजक गंभीर परिवार के सदस्य व श्री रामलीला कमेटी के कोषाध्यक्ष सीए अमित गंभीर व उनकी धर्मपत्नी सीए सानिया गंभीर मंदिर के महंत स्वामी श्रीनारायण चौतन्य ब्रहम्चारी महाराज जी साथ सबसे आगे श्रीमद्भागवत जी एवं कलश उठाकर चल रहे थे, साथ ही सैंकड़ों की संख्या में मातृशक्ति भी सर पर कलश उठाये भव्य कलश यात्रा में सहभागिता कर रहे थे। महंत स्वामी श्रीनारायण चैतन्य ब्रहम्चारी महाराज में बताया कि गंभीर परिवार द्वारा आयोजित इस श्रीमद् भागवत कथा में दिनांक 26 अक्टूबर से 01 नवम्बर तक रोजाना सांय 3 बजे से 6.30 बजे तक कथा का आयोजन होगा। 2 नवम्बर को प्रातः 10 बजे हवन के बाद दोपहर 12 बजे से भंडारे का कार्यक्रम होगा। किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, समाजसेवी सुशील गाबा, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा आदि अनेकों समाजसेवियों नें पुष्पवर्षा कर समस्त श्रद्धालुओं का स्वागत किया। विधायक तिलक राज बेहड़ में कहा कि श्रीमद् भागवत पुराण को भगवान कृष्ण का साहित्यिक अवतार माना जाता है. श्रीमद् भागवत कथा सुनने से आध्यात्मिक विकास और भगवान के प्रति भक्ति गहरी होती है. श्रीमद् भागवत कथा स्वयं की प्रकृति और परम वास्तविकता के बारे में सिखाती है। इस दौरान आयोजक गंभीर परिवार के पूजा-आशू गंभीर, सानिया-अमित गंभीर, मीनू-दीपक गंभीर, रेखा-राजीव गंभीर, वंदना- राकेश गंभीर, डिंपल-मोहित गंभीर, महक-सचिन गंभीर, प्रिया रोहित गंभीर, श्रेय गंभीर, रिषभ गंभीर, मुदित गंभीर, कनव गंभीर, यशिका गंभीर, सोनाली गंभीर, रूद्राशी गंभीर, युग गंभी, पी हु गंभीर ने सभी आगंतुकों व श्रद्धालुओं को आभार व्यक्त करते हुये सभी से सपरिवार कथा श्रवण करनें हेतु रोजाना समयानुसार पहुंचनें की अपील की। इस दौरान श्रीरामलीला कमेटी के समन्वयक नरेश शर्मा, महावीर आजाद, भारत भूषण चुघ, विजय फुटेला, जगदीश टंडन, सुभाष खंडेलवाल, अशोक गुंबर, नितिश धीर, संदीप धीर, चेतन धीर, सीए मनीष अग्रवाल, संजय जुनेजा, गुरप्रीत बठला, योगेश शर्मा, तरुण दत्ता, सौरभ राज बेहड़, सचिन रहेजा, राजेश जग्गा, राज घई, संजीव नागपाल, आशीष मिड्ढा, रमेश अनेजा, नरेश अनेजा, कमल फुटेला, राजेश छाबड़ा, रोशन अरोरा, आदि उपस्थित थे।





# पटेल जयंती के कार्यक्रमों की बनाई रूपरेखा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कैम्प कार्यालय में 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता के प्रतीक लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती की कार्यक्रमों की रूप-रेखा तय करते हुए कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर रूद्रपुर, काशीपुर, खटीमा में पद यात्रा, रन फॉर यूनिटी आयोजित की जायेगी। जिसमे युवाओं के साथ ही एनसीसी, एनएसएस, स्वयं सेवी संस्थाए, जनप्रतिनिधियो द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। उन्होने कहा विद्यालयो में, भाषण, निबंध प्रतियोगिताए, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं एकता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किये जायेगें ताकि नई पीड़ी सरदार बल्लभ भाई पटेल के योगदान व विचारों से प्रेरणा ले सकें।जिलाधिकारी ने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल जयंती पर स्वच्छता एवं श्रमदान किया जायेगा। उन्होने कहा पोस्टर, बैनर के साथ एकता मार्च निकाला जायेगा। उन्होने एकता मार्च रूठ पर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के है उनकी सफाई व रंगरोगन कराने के निर्देश नगर निकायों को दिये।बैठक में अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, उप जिलाधिकारी गौरव पाण्डेय, ऋचा सिंह, जिला युवा कल्याण अधिकारी



निर्देश पुलिस को व मोबाइल शौचालय रखने के निर्देश नगर निकाय को दिये। जिलाधिकारी ने जनपद में जहां पर भी सरदार बल्लभ भाई पटेल की मूर्ति व पार्क बीएस रावत उपस्थित थे व सीएमओ डॉ. केके अग्रवाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत सहित सभी उप जिलाधिकारी वर्चुअल माध्यम से जूड़े थे।

# मुख्यमंत्री ने प्रदान की विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 163.52 करोड़ रू. की वित्तीय स्वीकृति

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद टिहरी गढ़वाल के धनोल्टी विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत लालूरी घियाकोटी क्यार्दा की चली मोटर मार्ग का पुननिर्माण एवं सुधारीकरण कार्य हेतु रु 4.16 करोड़ के साथ रणकौची मन्दिर, चम्पावत हेतु उत्तराखण्ड परियोजना विकास एवं निर्माण निगम लि० द्वारा आगणित धनराशि के सापेक्ष 4.57 करोड़ धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री द्वारा पुलिस लाईन रेसकोर्स देहरादून में पेयजल योजना (नई पाईप लाईन एवं ओवर हेड टैंक) के निर्माण कार्य हेतु 05 करोड़, पुलिस लाईन रेसकोर्स देहरादून में टाईप द्वितीय (ब्लॉक-सी) के 120 आवासों के निर्माण हेतु 51 करोड़ तथा लोक सेवा आयोग के भगीरथ आवासीय परिसर में एक बहुमंजलीय इमारत जिसमें टाईप-3 के 20 आवास एवं टाईप-4 के 20 आवास बनाये जाने हेतु 19 करोड, आई०आर०बी० द्वितीय वाहिनी, देहरादून परिसर में टाईप द्वितीय के 120 आवासों के निर्माण हेतु 54 करोड़ के साथ ही राज्य योजना के अन्तर्गत राजभवन, देहरादून में बहुउद्देशीय भवनों का निर्माण कार्य (विद्युतीकरण सहित) कुल 13.73 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा राज्य योजना के अन्तर्गत रूद्रप्रयाग के विधानसभा क्षेत्र केदारनाथ में श्री केदारनाथ धाम पैदल यात्रा मार्ग में श्री केदारनाथ जी से गरूरचट्टी पैदल मार्ग की छतिग्रस्त दीवारों का पुर्ननिर्माण एवं रैलिंग फिक्सिंग, मलवा सफाई कार्य हेतु 5.22 करोड़, राज्य योजना के अर्न्तगत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र चौबटटाखाल के विकासखण्ड पोखड़ा में दमदेवल-गडरी मोटर मार्ग का झलपाड़ी तक पुननिर्माण एवं सुधारीकरण का कार्य हेतु 3.39 करोड़ एवं मुख्यमंत्री घोषणा के तहत जनपद पौडी के विधानसभा क्षेत्र चौबटटाखाल के विकासखण्ड पोखड़ा के अर्न्तगत चलकुड़िया-मसमोली- सकलोनी-नौखोली मोटर मार्ग किमी0 9 से 12 में पुननिर्माण एवं सुधारीकरण कार्य हेतु 3.45 करोड की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।




# सीएम ने दी छठ पूजा की शुभकामनाएं

देहरादून (उद संवाददाता)।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को छठ पूजा की बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ पूजा का पर्व सूर्य देवता की उपासना और प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने का महान अवसर है। यह पर्व प्रकृति और मानव के बीच के प्रेम को भी दर्शाता है। सूर्य देवता की आराधना से हम जीवन के हर पहलू में सकारात्मकता और नई ऊर्जा का अनुभव करते हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ पूजा का महत्व सिर्फ धार्मिक आस्था में नहीं, बल्कि हमारे समाज की संस्कृति, एकता और सौहार्द में भी निहित है। यह पर्व हमें एकजुटता के साथ अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को सही तरीके से निभाने की प्रेरणा देता है। भगवान भास्कर एवं छठी मइया सबकी मनोकामना पूर्ण करें इसकी भी मुख्यमंत्री ने कामना की है।

SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग गुर्दा रोग पेट रोग
गुदा रोग लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश



# धामी सरकार के चार वर्ष : उपलब्धियाँ और विकास की दिशा

## शिक्षा, कृषि, कौशल विकास, स्वास्थ्य और सुशासन के क्षेत्र में उल्लेखनीय पहलें

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार के कार्यकाल में लिए गए निर्णयों और नीतियों पर विचार- विमर्श कार्यक्रम "धामी सरकार के चार वर्षः उपलब्धियाँ" शीर्षक से आयोजित किया गया। इस चर्चा में विभिन्न उनकी बात सुनने वाले धामी जी पहले मुख्यमंत्री हैं।" उन्होंने शिक्षा सुधारों की सराहना करते हुए स्मार्ट क्लास और डिजिटल शिक्षा के विस्तार को धामी सरकार की दूरदर्शी सोच का परिणाम बताया। कालाढुंगी क्षेत्र के विधायक बंशीधर भगत ने कहा कि धामी सरकार ने "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" की भावना को सशक्त किया।प्रो. (डॉ.) धनंजय जोशी, पूर्व कुलपति, दिल्ली शिक्षक विश्वविद्यालय, ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में युवाओं में नई ऊर्जा, चेतना और आत्मविश्वास का संचार हुआ है। विश्वविद्यालय, ने नई शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन और डिस्टेंस एजुकेशन में राज्य सरकार के कार्यों की सराहना की। उन्होंने हर जनपद में स्किल डेवलपमेंट सेंटर स्थापित करने और उत्तराखण्ड भाषा संस्थान की स्थापना को ऐतिहासिक कदम बताया, जो स्थानीय भाषाओं के विकास के आयाम स्थापित कर रहा है।प्रो. (डॉ.) गोविंद सिंह बिष्ट, अध्यक्ष, उत्तराखण्ड मीडिया सलाहकार समिति, ने कहा कि सरकार ने धर्मांतरण निवारण कानून, युवा सशक्तिकरण, तीर्थाटन, पर्यटन विकास और फिल्म नीति 2024 जैसे ऐतिहासिक निर्णय लिए। उन्होंने में उनकी उपस्थिति का उदाहरण दिया।वक्ताओं ने राज्य में तीर्थाटन मार्गों के चौड़ीकरण, चारधाम यात्रा के सुचारू संचालन, ऑल वेदर रोड प्रोजेक्ट, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, महिला सशक्तिकरण, डैडम्प्रोत्साहन, स्टार्टअप योजनाओं और डिजिटल शासन की दिशा










विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, शिक्षाविदों एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) प्रदीप जोशी, अध्यक्ष, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एवं पूर्व अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग , ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड ने चार वर्षों में विकास, सुशासन और संवेदनशील प्रशासन का नया अध्याय लिखा है। उन्होंने नकल विरोधी कानून और समान नागरिक संहिता को राज्य और देश के लिए उदाहरण बताया। डॉ. जोशी ने कहा, "जहां युवा अपनी समस्याओं को लेकर आंदोलन कर रहे थे, वहां स्वयं पहुंचकर के कार्यकाल में राज्य का चहुमुखी विकास हुआ है। उन्होंने मंदिरमाला परियोजना, चारधाम और राज्य की सड़कों का चौड़ीकरण, धर्मांतरण निवारण, सख्त नकल विरोधी कानून, और अवैध अतिक्रमण ध्वस्तीकरण जैसे कार्यों का उल्लेख किया, जिससे राज्य को नया मुकाम और पहचान मिली है। हल्द्वानी नगर निगम के मेयर गजराज बिष्ट ने कहा कि धामी सरकार को तीन ऐतिहासिक निर्णयों, समान नागरिक संहिता, नकल विरोधी कानून, और गैरकानूनी मदरसों के विरुद्ध कार्यवाही, के लिए हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन निर्णयों उन्होंने कहा, यह सरकार केवल परंपराओं को आगे नहीं बढ़ा रही, बल्कि नए मार्ग भी बना रही है। प्रो. (डॉ.) सतपाल सिंह बिष्ट, कुलपति, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा, ने कहा कि उत्तराखण्ड स्वाभाविक रूप से एक ऑर्गेनिक स्टेट है और अब सिक्किम व मेघालय के बाद देश का तीसरा अग्रणी राज्य बन चुका है। उन्होंने जैविक खेती, कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग, कंपोजिट एग्रीकल्चर और नवाचारपूर्ण खेती को राज्य के किसानों के लिए दीर्घकालिक लाभ और रोजगार का स्रोत बताया।प्रो. (डॉ.) नवीन चन्द्र लोहनी, कुलपति, उत्तराखण्ड मुक्त संरक्षण और संवर्धन के लिए समर्पित है।प्रो. (डॉ.) दुर्गेश पंत, महानिदेशक, यूकॉस्ट, एवं प्रो. (डॉ.) दीवान सिंह रावत, कुलपति, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, ने वर्चुअल माध्यम से कहा कि अनुसंधान, नवाचार और विज्ञान-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में राज्य सरकार के नेतृत्व में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, और उत्तराखण्ड अब विज्ञान एवं तकनीक आधारित शासन का मॉडल बन रहा है।प्रो. (डॉ.) एन. एस. बिष्ट, कुलपति, आम्रपाली विश्वविद्यालय, हल्द्वानी, ने कहा कि धामी सरकार की नीति और नियत स्पष्ट है, और राज्य हर क्षेत्र में नए कहा कि नई फिल्म नीति से स्थानीय कलाकारों, तकनीशियनों और पर्यटन स्थलों को नया मंच मिला है, जिससे उत्तराखण्ड "फिल्म डेस्टिनेशन ऑफ इंडिया" के रूप में उभर रहा है।दिनेश मानसेरा, अध्यक्ष, उत्तराखण्ड जनसंख्या विश्लेषण समिति, ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में अब तक 9000 एकड़ भूमि से अवैध कब्जा हटाया गया है, जिससे कानून व्यवस्था मजबूत हुई है। उन्होंने "सैन्य धाम" निर्माण और आपदा प्रबंधन में मुख्यमंत्री की सक्रियता का उल्लेख किया, विशेषकर उत्तरकाशी की शिलक्यारा टनल में 41 श्रमिकों के बचाव में धामी सरकार की उपलब्धियों की सराहना की।सम्मेलन का आयोजन मदन मोहन सती, मीडिया समन्वयक मा० मुख्यमंत्री द्वारा किया गया अथवा अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बंशीधर भगत, विधायक कालाढुंगी क्षेत्र, दीपा दरमवाल, अध्यक्ष, जिला पंचायत नैनीताल, गजराज सिंह बिष्ट, मेयर, हल्द्वानी नगर निगम, अनिल कपूर (डब्बू), अध्यक्ष, मंडी समिति हल्द्वानी, प्रताप सिंह बिष्ट, जिलाध्यक्ष, दर्जा राज्य मंत्री शंकर कोरंगा, दर्जा राज्य मंत्री दिनेश आर्य, सहित अनेक गणमान्य अतिथि, वक्ता एवं छात्र-छात्राएँ शामिल थे।

# योजनाओं के क्रियान्वयन में लायें तेजीः डीएम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला योजना, राज्य सैक्टर, केन्द्र पोषित योजनाओं, बीस सूत्रीय कार्यक्रम व मुख्यमंत्री घोषणा की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि योजना धनराशि को कार्यो में तेजी लाते हुए विकास कार्यों को धरातल पर उतारते हुए शतप्रतिशत व्यय करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि विभागों द्वारा कार्यो में लापरवाही, ढिलाई बर्दाश्त नहीं जायेगी इसलिए अवमुक्त धनराशि का सदुपयोग करते हुए विकास कार्यो को समय से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला योजना, राज्य सेक्टर के कार्यों में सबसे कम खर्च करने वाले विभागों के अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से रूचि लेते हुए सभी लंबित कार्यो को शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री द्वारा जनपद में की गई घोषणा कार्यो के त्वरित गति से कार्य करते हुए पूर्ण करने के निर्देश



दिये ताकि जनता को योजनाओं का त्वरित लाभ मिल सकें। उन्होंने बीस सूत्रीय कार्यक्रम में भी बी व डी श्रेणी के विभाग को श्रेणी ए में आने हेतु कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग पूर्ण मनोयोग एवं संवेदनशीलता से कार्य करें साथ ही आपसी समन्वय से कार्यों को कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को फील्ड में जाकर कार्यों की प्रगति की मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि सभी कार्यदायी संस्थाए मुख्यमंत्री घोषणा कार्यो को गम्भीरता से लेते हुए प्राथमिकता से पूर्ण करें।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, प्रभागीय वनाधिकारी यूसी तिवारी, प्रकाश आर्य, पीडी हिमांशु जोशी, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, नगर आयुक्त काशीपुर रविन्द्र बिष्ट, उप नगर आयुक्त रूद्रपुर शिप्रा जोशी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. केके अग्रवाल, मुख्य उद्यान अधिकारी एसके शर्मा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 आशुतोष जोशी, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ0 बीके सिंह, जिला पंचायतराज अधिकारी विद्या सिंह सोमनाल, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जमील, अधिशासी अभियंता सिचांई आनंद सिंह नेगी, बीएस डांगी, लघु सिंचाई सुशील कुमार, जल निगम सुनील जोशी, जल संस्थान अजय कुमार, लोनिवि एनके अग्रवाल, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, जिला क्रीडा अधिकारी जानकी कार्की, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी, जिलापर्यटन अधिकारी लता बिष्ट, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद थे।

# आत्म निर्भर भारत कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बनाई रूपरेखा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन ने आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम के जिला नैनीताल के संयोजक जियाउद्दीन कुरैशी के कार्यालय पर पहुंच कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की और जिले भर में आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम के तहत जागरूक अभियान चलाने और प्रधानमन्त्री के मन की बात कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिक से



अधिक लोगों को जोड़ने की बात कही। तत्पश्चात नाजिम मकरानी जिला सोशल मीडिया प्रभारी के बड़े भाई के इंतकाल होने के कारण उनके निवास स्थान पर सभी ने शोक संवेदना व्यक्त की और परिवार के साथ सहानुभूति व्यक्त की। इस दौरान जहीर अंसारी, लाल मोहम्मद अंसारी, महबूब अली, इसरार हुसैन, जियाउद्दीन कुरैशी, शाहिद हुसैन, शमशाद हुसैन, मोहम्मद आरिफ खान, यशपाल, अर्श सिद्दीकी, जाहिद सिद्दीकी, शहवेज कुरैशी आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# शरदोत्सव मेले का आयोजन 10 से 14 नवम्बर तक

## जिलाधिकारी ने दिया आयोजन में पूर्ण सहयोग का भरोसा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शरदोत्सव मेला समिति हल्द्वानी के संस्थापक अध्यक्ष एवं फिल्म निर्माता -निर्देशक विक्की योगी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल से मुलाकात की।प्रतिनिधिमंडल ने आगामी शरदोत्सव मेला 2025 के आयोजन से संबंधित विस्तृत जानकारी दी, जिसके बाद डीएम ने मेले के सफल आयोजन हेतु प्रशासन की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।मानव विकास सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित उत्तराखंड राज्य का पारंपरिक पाँच दिवसीय 25वां शरदोत्सव मेला आगामी 10 से 14 नवम्बर तक श्री रामलीला मैदान में आयोजित होगा। इस अवसर पर प्रदेश भर से आने वाले सांस्कृतिक दल आकर्षक प्रस्तुतियाँ देंगे और डांस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा।आयोजन समिति के



अनुसार, मेले में बॉलीवुड के कलाकारों की विशेष उपस्थिति रहेगी, साथ ही स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान कर प्रोत्साहित किया जाएगा। इस अवसर पर राकेश मटियानी, रंगकर्मी जगदीश उपाध्याय, प्रकाश पांडे, गिरीश खाती, आशा रावत, निखिल शर्मा सहित विभिन्न गणमान्य लोग उपस्थित रहे।मेले में प्रदेश के सरकारी एवं गैर -सरकारी विभागों की विकास प्रदर्शनी, उत्तराखंडी सांस्कृतिक संध्या, बॉलीवुड नाइट तथा जन-जागरण से जुड़े विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि यह मेला उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को एक मंच पर लाने का प्रतीक होगा।

# महतोष में ठुकराल ने किया काली पूजा का शुभारम्भ

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। ग्राम संजय नगर महतोष में श्री श्री शारदीय मां श्यामा काली पूजा का पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने फीता काट कर विधिवत शुभारम्भ किया। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि ऐसे आयोजनों का समाज और संस्कृति में विशेष महत्व है। मां काली की पूजा और दीपावली का यह पर्व हमें आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ-साथ सामाजिक एकता का संदेश देता है। धार्मिक आयोजन जहां हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजते हैं, वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच भी प्रदान करते हैं। इस मौके पर कमेटी के पदाधिकारियों ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन सुबीर दास और मानस बैरागी ने किया। मुख्य अतिथि के



रूप में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, समाजसेवी संजय ठुकराल, क्षेत्र पंचायत सदस्य आरिफ गाजी, जिला पंचायत सदस्य पति सुखदेव हालदार, महतोष ग्राम प्रधान जुल्फिकार, अलखदेवी ग्राम प्रधान मनोज गौड़, अंकित बाटला, गगन ग्रोवर, रमन विश्वास, कमेटी अध्यक्ष जगदीश विश्वास , विप्लव विश्वास, विनय विश्वास, रघुराज राय, सुभाष कीर्तनीय, नेपाल विश्वास, आनंद सिकदर, शंकर विश्वास, गोविंद मालाकार, कार्तिक ओझा, राकेश बनिक, चाणक्य, क्षितिज बाला, मनोज हालदार, दयाल सिकदार, मिथुन मंडल, प्रशांत राय, मेघनाथ बनिक, सूरज हालदार, शहवेज गाजी, उवैस गाजी, फैसल गाजी, फरहान गाजी, निताई राय, सुकुमार मजूमदार, मनोज शर्मा, ज्योतिष बाला, अमन बनिक, बलराम घरामी, बबलू विश्वास, विशाल विश्वास, हीरामन विश्वास, संजीत ओझा, राजीव ठाकुर, विश्व भौमिक, जयदेव भौमिक, प्रशांत मंडल, कृपा भद्र, बाबू वैद्य, अनादि विश्वास, देव कुमार, सागर वाला, अमित राय, झंटू दास, अनुपम ओझा, कमलेश ओझा, वाणी बाइक, देवा कीर्तनिया, रवि मजूमदार, सोना राय, शुभम सिकदर, सुखदेव बैरागी, वीरू हालदार, आदि थे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# आप्रवासन नीति में बदलाव

करीब एक महीने पहले जब अमेरिका ने आप्रवासन नीति में एक बड़ा बदलाव करते हुए एच1बी वीजा और उसके लिए शुल्क में भारी फेरबदल कर दिया था, तभी से जमीनी स्तर पर उसके असर और खुद अमेरिका को प्रकारांतर से उससे होने वाले नुकसानों को लेकर आशंकाएं जताई जाने लगी थीं। हालांकि तब भी यह उम्मीद की गई थी कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बीते कुछ समय से अमेरिका के हित के नाम पर जिस तरह के फैसले कर रहे हैं, उसमें संभव है कि एच1बी वीजा के संबंध में घोषित नए नियमों की जटिलता और उसके व्यापक असर को देखते हुए फिर किसी बदलाव की गुंजाइश बने।जब एच1बी वीजा के लिए एक लाख डालर शुल्क लगाने की घोषणा हुई, तो उस पर खासा विवाद शुरू हो गया और इस फैसले के लिए दुनिया भर में ट्रंप की आलोचना होने लगी, तब इस फैसले में बदलाव करके कुछ राहत दी गई कि नया शुल्क नए आवेदकों के लिए होगा। यह वहां वर्षों या दशकों से रह रहे अन्य देशों के प्रवासियों लिए थोड़ी राहत की बात थी, लेकिन इसे लेकर कई आशंकाएं बनी रहीं कि आने वाले दिनों में इसका व्यवहार में कैसा असर पड़ेगा।एक समस्या यह भी खड़ी हुई थी कि शुल्क की घोषणा तो कर दी गई, लेकिन उसमें किसी तरह की छूट आदि के बारे में स्पष्ट नहीं किया गया था। यही वजह थी कि इस नए नियम से प्रभावित होने वाले लोगों के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। अब ट्रंप प्रशासन ने इस संबंध में कुछ बिंदुओं को स्पष्ट किया है कि किन्हें यह शुल्क देना होगा, उसे चुकाने की प्रक्रिया क्या होगी और इसमें छूट के लिए आवेदन कैसे किए जा सकेंगे। अमेरिकी नागरिकता तथा आव्रजन सेवा यानी यूएससीआइएस की ओर जारी नए दिशानिर्देशों के तहत यह शुल्क सभी आवेदकों को नहीं देना होगा। जिन आवेदकों ने अपनी स्थिति में बदलाव कराने या अमेरिका में प्रवास या अपनी वीजा अवधि बढ़वाने का आवेदन किया है, उन्हें भी यह अतिरिक्त शुल्क नहीं लगेगा। इस आदेश में एच1बी वीजा धारक के अमेरिका में आने-जाने पर प्रतिबंध नहीं है। इसका व्यवहार में असर इस रूप में सामने आएगा कि अगर कोई आवेदक किसी दूसरे वीजा, मसलन अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए एफ1वीजा, अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के लिए एल1वीजा पर अमेरिका में दाखिल होता है और वहीं रहते हुए एच1वीजा हासिल करता है, तो उसे नया अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा।इस नई घोषणा के बाद वहां एच1बी वीजा के दायरे में आने वाले एक बड़े वर्ग और खासतौर पर भारत से वहां गए लोगों के बीच काफी राहत महसूस की जा रही है। गौरतलब है कि इस वीजा के लिए सबसे ज्यादा भारत के ही लोग आवेदन करते हैं। पिछले वर्ष कुल स्वीकृत एच1बी वीजाधारकों में से सत्तर फीसद भारतीय मूल के कर्मचारी थे। भारत से अमेरिका जाने वाले पेशेवरों की संख्या अन्य देशों के लोगों के मुकाबले ज्यादा है। दरअसल, यह समूचा विवाद अमेरिका में अन्य देशों से पहुंचे पेशेवरों से जुड़ा मसला है, जो स्थानीयता और अमेरिकियों के बीच अवसरों के मुद्दे से जोड़ दिया गया है। मगर समय के साथ खुली अर्थव्यवस्था के एक ढांचे के रूप में विकसित होती दुनिया में अमेरिका को उदार रुख अपनाते हुए एक ठोस नीति तक पहुंचना चाहिए। सिर्फ बाहरी माने जाने वाले लोगों पर शिकंजा कस कर या उन्हें बाहर करने का अभियान चला कर वह अमेरिकियों का भला नहीं कर सकता।

# साहित्य हमारी सांस्कृतिक धरोहर का प्रतिबिंब: राज्यपाल

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को मधुबन होटल में 'वैली ऑफ वर्ड्स' इंटरनेशनल लिटरेचर एंड आर्ट फेस्टिवल के 9वें संस्करण का शुभारंभ किया। दो दिवसीय इस फेस्टिवल में देश-विदेश के अनेक प्रसिद्ध साहित्यकार, लेखक, कलाकार एवं विचारक भाग ले रहे हैं, जो विभिन्न सत्रों में अपने विचार और अनुभव साझा करेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें बलिदान दिवस पर आधारित भावपूर्ण "शब्द वाणी" प्रस्तुति से हुई, जिसने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। शुभारंभ के अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि ऐसे आयोजन संवाद, विचार और रचनात्मक अभिव्यक्ति को समाज तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि 'वैली ऑफ वर्ड्स' के माध्यम से उत्तराखण्ड की समृद्ध कला, संस्कृति और साहित्य को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मंच पर नई पहचान मिल रही है। राज्यपाल ने कहा कि हाल के वर्षों में देहरादून में साहित्य, कला और संस्कृति से जुड़ी गतिविधियों में वृद्धि हुई है,




जिससे प्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर एक विशिष्ट पहचान स्थापित की है। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए उपयोगी चर्चा सत्र और साहित्यिक गतिविधियाँ उपलब्ध कराना आयोजकों की दूरदर्शिता और रचनात्मकता का परिचायक है।राज्यपाल ने कहा कि साहित्य हमारी सांस्कृतिक धरोहर का प्रतिबिंब है, जो राष्ट्र और समाज के चिंतन को दिशा देता है। आज आवश्यकता है कि हम अपने बच्चों और युवाओं में साहित्य और कला के प्रति सजगता, संवेदनशीलता और सृजनशीलता का वातावरण विकसित करें। उन्होंने कहा कि साहित्य के माध्यम से हमारी राष्ट्रीय विरासत, इतिहास और संस्कृति को उजागर करना अत्यंत आवश्यक है। राज्यपाल ने 'वैली ऑफ वर्ड्स' के आयोजकों को इस फेस्टिवल के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएँ दीं और विश्वास व्यक्त किया कि इस मंच पर होने वाला चिंतन और मंथन समाज के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। कार्यक्रम के दौरान 'वैली ऑफ वर्ड्स' के निदेशक डॉ. संजीव चोपड़ा ने फेस्टिवल की रूपरेखा और उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद तरूण बंसल, पी जे एस पन्नू, डॉ. राजेन्द्र डोभाल, के. बी. एस सिद्धू, अनूप नौटियाल सहित फेस्टिवल में आए अनेक लेखक, कवि, चिंतक साहित्य प्रेमी एवं श्री हेमकुण्ड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेन्द्रजीत सिंह बिंद्रा भी उपस्थित रहे।

# दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

रुद्रपुर। कोतवाली द्वारा वारंटियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के तहत पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनों को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही। एसएसआई नवीन बुधानी ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र में वारंटियों और वांछितों के खिलाफ कार्रवाई को अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत चौकी रम्पुरा पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने



बताया कि गिरफ्तार वारंटियों में आकाश पुत्र ओम प्रकाश उर्फ बड्डे निवसी रम्पुरा वार्ड 23 रुद्रपुर के खिलाफ इन धाराओं में 323, 504, 506 2019 में मुकदमा लिखा गया था और वह कोर्ट में तारीख पर नहीं पहुंच रहा था। इस पर कोर्ट से उसके खिलाफ वारंट जारी किए गए। इसके अलावा देवेंद्र पुत्र कालीचरण उर्फ कल्लू रम्पुरा वार्ड 23 रुद्रपुर के खिलाफ भी कोर्ट से वारंट जारी हुआ। पुलिस दोनों को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही। उन्होंने बताया कि पुलिस का यह अभियान जारी रहेगा

# आपदा पुनर्निर्माण कार्यों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में दिये 10 लाख

देहरादून(उद संवाददाता)।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शनिवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में सेंट जोसेफ अकादमी, देहरादून के स्कूल प्रबंधन ने मुलाकात कर आपदा पुनर्निर्माण के कार्यों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में 10



लाख की धनराशि प्रदान की। मुख्यमंत्री ने सेंट जोसेफ अकादमी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योगदान आपदा प्रभावितों की सहायता एवं पुनर्निर्माण कार्यों में उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक आपदा प्रभावित व्यक्ति के साथ खड़ी है। इस अवसर पर ब्रदर जोसेफ एम. जोसेफ, ब्रदर एस्टिनस कुजूर, श्री एस. के. नैथानी, सचिन अग्रवाल, भवनेश नेगी मौजूद रहे।

# राज्य स्थापना की जयंती पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

भीमताल(उद संवाददाता)। उत्तराखंड शासन द्वारा दिए गए निर्देशानुसार उत्तराखंड राज्य की 25 वीं वर्षगांठ को रजत जयंती समारोह के रूप में मनाए जाने हेतु जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, समारोह भव्यता पूर्वक पूरे जिले में मनाया जाना है।बैठक में कार्यक्रमों का निर्धारण किया गया। रजत जयंती समारोह के अंतर्गत आगामी 1 नवंबर से 9 नवंबर तक जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।1 नवंबर से 3 नवंबर तक नैनीताल कैंची धाम तक ट्रैकिंग कार्यक्रम का आयोजन कर युवाओं को पर्यटन से जोड़ने हेतु विशेष जागरूक कराया जाएगा। 3 नवंबर को जल एवं पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत भीमताल झील में वाटर साइकिलिंग प्रतियोगिता के आयोजन के



इस संबंध में शनिवार को जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में एक बैठक सम्पन्न हुई । जिसमें रजत जयंती समारोह के आयोजन हेतु कार्यक्रमों का निर्धारण करते हुए विभागों को जिम्मेदारी दी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि रजत जयंती के पंगोट में पक्षी दर्शन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम पर्यटन विभाग के माध्यम से आयोजित कराया जाएगा इस हेतु जिला पर्यटन विकास अधिकारी को समय पर सभी तैयारियां पूर्ण करते हुए आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न करने के निर्देश दिए। 2 नवंबर को नैनीताल बिलड़ा से साथ ही शिप्रा नदी स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा। इस हेतु पर्यटन व जलागम विभाग को जिम्मेदारी दी गई है। 4 नबंर नवंबर को खेल एवं स्वच्छता सप्ताह के अंतर्गत खेल प्रतियोगिताएं विभिन्न विद्यालय स्तर पर आयोजित की जाएगी इस हेतु मुख्य शिक्षा अधिकारी, युवा कल्याण एवं जिला विकास अधिकारी को जिम्मेदारी दी गई है। इसके अतिरिक्त अभियान के अंतर्गत जिले के सभी जल स्रोतों,पेयजल टैंकों में स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई की जाएगी।इस कार्य के नोडल अधिकारी जिला विकास अधिकारी के साथ ही सह नोडल जिला पंचायतराज अधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत व पेयजल विभाग, नगर निकाय के अधिकारियों को दायित्व सौपा गया है। इसी प्रकार 5 नवंबर से 7 नवंबर तक खगोल विज्ञान एस्ट्रो इवेंट आयोजित किया जाएगा इस हेतु पर्यटन विकास अधिकारी को जिम्मेदारी दी गई। 6 नवंबर को व्यापार एवं पोषण कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय उत्पादों, उद्योग को ऑनलाइन बाजार उपलब्ध कराने हेतु बायर सेलर मीट का आयोजन कृषि विभाग द्वारा किया जाएगा । इसके अतिरिक्त बाल विकास विभाग द्वारा पौष्टिक व्यंजन प्रतियोगित आयोजित की जाएगी । साथ ही सभी विद्यालय एवं कॉलेजों में रोड मैप आफ उत्तराखंड के संबंध में वाद विवाद,पेंटिंग, निबंध आदि प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी । 7 नवंबर को कृषक एवं भूतपूर्व सैनिक समारोह एमपी इंटर कॉलेज हल्द्वानी में आयोजित कराया जाएगा।इस हेतु जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को दायित्व सौंपा गया है। 8 नवंबर को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन नैनीताल जिला मुख्यालय के फ्लैट मैदान में कराया जाएगा। इसके साथ ही स्वयं सहायता समूहों द्वारा फूड कैंपेन स्थानीय उत्पादन की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसी प्रकार 9 नवंबर को भी फ्लैट मैदान नैनीताल में सांस्कृतिक संध्या के आयोजन के साथ ही अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# प्रत्येक माह होगी रेफरल प्रकरणों की समीक्षा: डीएम

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिले के अस्पतालों से अब बिना किसी ठोस वजह मरीज रेफर नहीं किए जाएंगे। इसके लिए अस्पतालों से रेफर मामलों की निगरानी को रेफरल मॉनिटरिंग समिति गठित कर दी गई है। जिसमें डीएम अध्यक्ष, सीएमओ सदस्य सचिव, प्राचार्य मेडिकल कालेज, पीएमएस अल्मोड़ा, रानीखेत और समस्त सीएचसी और पीएचसी प्रभारी सदस्य नामित किए गए है। जो प्रत्येक बुधवार को रेफरल प्रकरणों की समीक्षा करेंगे। डीएम अंशुल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर प्रभावी कदम उठाया है। उन्होंने बताया कि जनपद अंतर्गत बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने के दृष्टिगत रेफर किये जा रहे प्रकरणों के कारणों की समय-समय पर समीक्षा कर रेफरल निगरानी समिति गठित की गई है। उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिए कि रेफरल से संबंधित सूचनाओं और मरीज का ब्यौरा प्रत्येक माह के द्वितीय सोमवार को डीएम कार्यालय को उपलब्ध कराते हुए बैठक के दौरान भी प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे। वहीं, समिति के समस्त सदस्य सीएमओ को वांछित सूचनाएं व समय उपलब्ध कराते हुए बैठक में समय प्रतिभाग करेंगे। जबकि प्रभारी चिकित्साधिकारी समस्त सामुदायिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बैठक में ऑनलाईन प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगे।

# दुर्घटना संभावित स्थानों में सुरक्षा के उपाय तत्काल करने के दिए निर्देश

नैनीताल(उद संवाददाता)। जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय हल्द्वानी में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने सभी सड़क निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वाहन दुर्घटनाओं को रोके जाने हेतु सभी सड़क मार्गों का समय समय पर रोड सेफ्टी ऑडिट किया जाय। जिन सड़क मार्गों पर जहॉ जहॉ अभी भी गढ्ढे भरने व पेंचवर्क कार्य करना शेष रह गया है शीघ्रता से किया जाय। सभी दुर्घटना संभावित स्थानों में बड़े आकार के संकेतक बोर्ड



लगाने के साथ ही हिल साइड सेफ्टी हेतु कार्ययोजना तैयार कर तत्काल क्रियान्वयन किया जाए। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग अंतर्गत लालकुंआ से गौलापार तथा रामनगर-काशीपुर मार्ग पर रोड सेफ्टी के उपाय तत्काल करने के साथ ही जिले में अवशेष ब्लैक स्पॉट खत्म करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने हल्द्वानी नगर में चौड़े कराए गए चौराहों में बाइंडिंग का कार्य शीघ्रता से कराने के निर्देश लोनिवि को दिए। जिला अधिकारी ने कहा की सड़क दुर्घटनाओं को रोके जाने हेतु राजस्व, परिवहन एवं पुलिस विभाग लगातार संयुक्त अभियान चलाकर प्रवर्तन की कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने एनएचएआई को बरेली रोड में तीनपानी के पास वाहन दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु डिवाइडर एवं साइनेज व अन्य चेतावनी संकेतक बोर्ड तत्काल लगाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को सड़क किनारे से अनियंत्रित रूप से पड़ी निर्माण सामग्री को भी तत्काल हटाने के निर्देश दिए।उन्होंने परिवहन एवं पुलिस विभाग को ड्रिंक एंड ड्राइव, ओवरलोडिंग सवारी आदि पर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क पर वाहन चलाते समय प्रत्येक चालक से यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी विवेक रॉय, अधीक्षण अभियंता लोनिवि मनोहर सिंह धर्मशक्तू,आयुक्त नगर निगम परितोष वर्मा, संभागीय परिवहन अधिकारी अरविंद पाण्डे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# चिकित्सकों की चौखुटिया में तैनाती पर कांग्रेसियों का आक्रोश भड़का

## विधायक मनोज तिवारी के नेतृत्व कार्यकर्ताओं ने सीएमओ का घेराव किया, तैनाती का आदेश वापस लिया

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। अल्मोड़ा जिला अस्पताल से दो विशेषज्ञ चिकित्सकों को सीएचसी चौखुटिया भेजने पर कांग्रेस का आक्रोश भड़क उठा। शनिवार को आक्रोशित कांग्रेसियों ने सीएमओ का घेराव कर जमकर प्रदर्शन किया। जबरन दबाव में चिकित्सकों को चौखुटिया भेजने का विरोध किया। वहीं, विरोध प्रदर्शन को देखते हुए विभाग को चिकित्सकों की तैनाती के आदेश को वापस लेना पड़ा। दरअसल, चौखुटिया में बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर स्थानीय लोग लंबे समय से धरना प्रदर्शन पर है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने जिला अस्पताल में तैनात बाल रोग विशेषज्ञ और स्त्री रोग विशेषज्ञ को सीएचसी चौखुटिया भेज दिया।जिला मुख्यालय से चिकित्सकों को जबरन सीएचसी चौखुटिया भेजने की खबर लगते ही विरोध शुरू हो गया। शनिवार को क्षेत्रीय विधायक मनोज तिवारी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता सीएमओ कार्यालय पहुंच गए।



यहां कार्यकर्ताओं ने सीएमओ का घेराव करते हुए जमकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर विधायक तिवारी ने कहा कि मुख्यालय के अस्पताल व मेडिकल कॉलेज चिकित्सकों की कमी से जूझ रहा है। ऐसे में दो विशेषज्ञों का चौखुटिया भेजना नगर समेत ग्रामीण इलाकों की जनता के साथ अन्याय है। कहा कि चिकित्सकों को भेजे जाने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। इधर, विरोध प्रदर्शन के बाद स्वास्थ्य विभाग ने चिकित्सकों की चौखुटिया में तैनाती के फैसले का वापस लेना पड़ा। जिसके बाद कांग्रेस का गुस्सा शांत हुआ।इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज, पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, तारा चंद्र जोशी, गोविंद सिंह मेहरा, वैभव पांडे, मनोज वर्मा, नारायण दत्त पांडे, बीके पांडे, अंबी राम, शहाबुद्दीन, दीप सिंह डांगी, दिनेश नेगी, पीतांबर पांडे, किरन आर्य, दीपा साह, सुशील साह, मनोज वर्मा, आनंद सिंह बिष्ट, अशोक गोस्वामी, मनोज कुमार वर्मा, तारु तिवारी, देवेंद्र सिंह बिष्ट, शरद चंद्र साह, महेश चंद्र, सुरेन्द्र सिंह मेहता, मुकेश कुमार, कार्तिक साह, गौरव वर्मा, रविन्द्र कुमार टम्टा, पूरन रौतेला, परितोष जोशी, अजीत कार्की, मोहन सिंह देवली, नितिन रावत, शशांक बिष्ट, पवन मेहरा, गौरव वर्मा, शोभा जोशी, दिनेश पिलख्वाल, कृष्णा लटवाल, दीपक कुमार, परितोष जोशी, हिमांशु मेहता, भैरव गोस्वामी, हिमांशु मेहता, गुंजन चम्याल, निर्मल रावत आदि मौजूद रहे।

> जिला मुख्यालय से दो विशेज्ञष चिकित्सकों की चौखुटिया सीएचसी में तैनाती के आदेश जारी किए गए थे। जिसे अब निरस्त कर दिया गया है। जिले में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे है।
> –डॉ. नवीन चंद्र तिवारी, सीएमओ

## चौखुटिया मे नए चिकित्सकों की नियुक्ति करने की मांग

अल्मोड़ा। जिला चिकित्सालय से बाल रोग विशेषज्ञ व महिला रोग विशेषज्ञ की चौखुटिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे स्थानान्तरित करने के मामले को लेकर यूकेडी समेत अन्य दलों ने शनिवार को प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता में विनय किरौला ने कहा कि उत्तराखंड बनने के बाद से ही उत्तराखंड के विशेष रूप से पहाड़ी जिलो मे स्वास्थ्य व्यवस्था वेंटिलेटर मे है, जबकि राज्य निमार्ण के बाद प्राथमिक, सामुदायिक सहित जिला अस्पतालो के जो राष्ट्रीय मानक है वो हर हाल मे पूरे होने चाहिए थे। लचर स्वास्थ्य व्यवस्था पहाड़ो से पलायन का भी एक महत्वपूर्ण कारण है। उन्होंने चौखुटिया मे नए विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति किए जाने की मांग उठाई। यहां प्रेस वार्ता में यूकेडी जिलाध्यक्ष दिनेश जोशी, विनोद तिवारी, मोहित साह, दीपा तिवारी, सुजीत टम्टा आदि रहे।

# एनएच और लोनिवि विभाग की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने दिए कड़े निर्देश

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने राष्ट्रीय राजमार्ग एवं लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़कों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि मुख्य जिला सड़कों एवं अन्य संपर्क मार्गों की गुणवत्ता और मजबूती पर निरंतर निगरानी रखी जाए।सड़क सुरक्षा हेतु विभिन्न मार्गों में सुरक्षा के प्रभावी उपाय किए जाए। खासकर दुर्घटना सम्भावित स्थलों पर क्रश बैरियर लगाकर प्रभावी उपाय किए जाने हेतु कार्यदायी विभाग तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करे। बैठक में नेशनल हाइवे मोटर मार्ग के सहायक अभियंता पी.पी.गोस्वामी, लोनिवि अभियंता संजय कुमार पांडे, ने विभागीय प्रगति की विस्तृत रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रस्तुत की। जिलाधिकारी ने एनएच एवं पीडब्ल्यूडी द्वारा भूमि अधिग्रहण के कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए 15 दिन के भीतर



नियमानुसार कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। जनपद में किए जा रहे पैचवर्क की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं होने पर जिलाधिकारी ने इसे गंभीरता से लेते हुए कहा कि कार्य की गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। एनएच अंतर्गत अल्मोड़ा बागेश्वर राजमार्ग के कार्य में तेजी लाए जाने के साथ साथ लोनिवि कपकोट के अंतर्गत पढ़ने वाले मोटर मार्गों के कार्यों की गुणवत्ता को बनाए रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सख्त लहजे में सभी अधिकारियों को निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्तापूर्ण कार्य नही कराने, एवं किसी भी प्रकार से कोई विभागीय लापरवाही पाए जाने पर सम्बन्धित विभाग के अवर अभियंता के अलावा अधिशासी अभियंता के खिलाफ जांच में दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य सम्बन्धी प्रकरणों में शासन स्तर पर लंबित प्रकरणो के समाधान हेतु सचिव स्तर से वार्ता कर उन्हें निस्तारित किए जाने के प्रयास किए जायेंगे। बैठक में सीडीओ आर सी तिवारी ने सभी अधिकारियों को निर्माण कार्य हेतु अवमुक्त हुई धनराशि का समयबद्ध होकर सदुपयोग करने, तथा गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए।इस दौरान सीडीओ आर सी तिवारी, लोनिवि कपकोट के अधिशासी अभियंता अमित पटेल, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी दिनेश रावत सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# हिट दगड़ी कमला,अल्मड़ा में मेरो बंगला..

## बग्वालीपोखर में बग्वाली मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समा

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। बग्वालीपोखर में आयोजित तीन दिवसीय ऐतिहासिक बग्वाली मेले का समापन हो गया है। शनिवार को मेले के अंतिम दिन मीना बाजार में लोगों ने जमकर खरीदारी की। वहीं, अन्य अन्य वर्षों की भांति इस बार भी बाहरी व्यापारियों ने मेले में अपनी दुकानें लगाई थी। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक महेश नेगी ने किया। उन्होंने कहा कि बग्वाई कौतिक ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्त्व का है जोकि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। कहा कि मेला समिति ने इसे और ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। ब्लाक प्रमुख आरती किरौला ने कहा इस मेले को हम बचपन से ही देखते आ रहे हैं। आज एक ब्लाक प्रमुख के रूप में इसमें शामिल होना मेरे लिए और भी गर्व का विषय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नवीन पांडे ने कहा इस तरह के आयोजन हमें प्रेरणा देने के साथ ही प्रोत्साहित भी करते हैं। यहां मेला समिति अध्यक्ष सुबेदार मेजर हरी सिंह भंडारी, सचिव प्रमोद जोशी, सांस्कृतिक सचिव डॉ. दीपक मेहता, संयोजक संतोष बिष्ट, त्रिभुवन बिष्ट, विनोद अधिकारी, जीवन अधिकारी, राजेन्द्र किरौला, घनश्याम भट्ट, केएस मेहता,




हरीशरण शर्मा, शिवदत्त पांडे, कुंदन भंडारी, हेम जोशी, पंकज बिष्ट, आशुतोष शाही, प्रमोद तिवारी, मोहन सिंह बिष्ट, भूपाल भरड़ा, मनोहर सिंह भंडारी आदि मौजूद रहे। बग्वाली मेले के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस मौके पर झंकार लोक कला समिति बागेश्वर, और नव हिमालयन कला केंद्र अल्मोड़ा के कलाकारों ने झोड़ा, चांचरी, न्योलिक, छपेली समेत कुमाऊनी-गढ़वाली गीतों शहिट दगड़ी कमला, अल्मड़ा में मेरो बंगला..., समेत अन्य गीतों पर एक से बढ़कर एक नृत्य की शानदार प्रस्तुति देकर मेले में रंग जमा दिया। वहीं, विभिन विद्यालयों के बच्चों एवं क्षेत्रीय कलाकारों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब वाहावाही लूटी।

## पेज एक का शेष...

**मुस्लिम बाहुल्य ...**मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है। भविष्य में भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे और बिजली चोरी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी के दौरान टीम में जेई गोपाल सैनी सहित विजिलेंस विभाग के कई अधिकारी और लाइनमैन मौजूद रहे। विजिलेंस की जांच में जिन व्यक्तियों के विरुद्ध बिजली चोरी के मामले दर्ज किए गए हैं, उनमें अफजाल (पुत्र शौकत), गुलशर (पुत्र वहीद), समून (पुत्र मशरूर), जावेद (पुत्र इकबाल), जमशेद (पुत्र सद्दू), रफीक (पुत्र शाहद), कय्यूब (पुत्र मुदा), विशाल (पुत्र गुलजार, स्पवद ळलउ), शाह मंजर (पुत्र हसमत), शाकिब (पुत्र शमशाद), मुस्लिम (पुत्र असगर), आजम (पुत्र मोहम्मद अहमद), दानिश (पुत्र रशीद प्रधान), सुहैल (पुत्र इमरान), नसीम (पुत्र हासिम), परवेज (पुत्र शराफत अली), छोटा (पुत्र शराफत), मनुवार (पुत्र इंतजार), नफीस (पुत्र रहीस), मेहरबान (पुत्र भूरा), दानिश (पुत्र नजीर), अरशद (पुत्र अख्तर) और फैयाज (पुत्र जहांगीर) आदि शामिल हैं।

**संदिग्ध हालातों में ...**लोग आ पहुंचे और उन्होंने नेहा को उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया। जानकारी मिलने पर सोहन भी घर आ गया। नेहा को गंभीर हालत में नगर के निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां शनिवार के देर सायं उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतका के शव को अपने कब्जे में लिया और उसके परिजनों को मामले से अवगत कराया। बताया जाता है कि नेहा का करीब 6 वर्ष पूर्व ही विवाह हुआ था। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

**कृष्ण कृपा मिशन...**को भव्य हवन एवं प्रसाद वितरण के साथ किया जाएगा। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं के बैठने और प्रसाद वितरण की विस्तृत व्यवस्था की गई है।आयोजन में मुख्य रूप से लवी सहगल, अजय तिवारी, विवेक राय, महेंद्रपाल, सोनू, सभासद संदीप अरोड़ा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने मिलकर कथा के सफल आयोजन की कामना की । आयोजन समिति ने बताया कि प्रतिदिन कथा स्थल पर विशेष आरती और भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

**बिजनौर का ..**गढ़, जिला बिजनौर का लापता हिस्ट्रीशीटर संख्या-84ए है। उसके विरुद्ध विभिन्न गंभीर धाराओं में 6 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार कुंडा, प्रभारी चौकी शिवराजपुर पट्टी सुरेंद्र सिंह,चौकी प्रभारी सूर्या अरविंद बहुगुणा,चौकी प्रभारी मंडी अर्जुन सिंह, एसआई नवीन जोशी, थाना कुंडा, एएसआई दीपक चौहान,कांस्टेबल धर्मेंद्र भारती,राजकुमार,जितेंद्र चौहान, कैलाश एसओजी काशीपुर आदि शामिल रहे।

# मझोला में तीन दिवसीय दशहरा-दीपावली मेले का भव्य समापन

खटीमा (संवाददाता)।सीमांत क्षेत्र उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित नगर पंचायत मझोला में आयोजित तीन दिवसीय दशहरा एवं दीपावली मेला भव्य समारोह के साथ संपन्न हुआ। इस मेले ने दोनों राज्यों के लोगों को एक मंच पर लाकर सांस्कृतिक समरसता और सामाजिक एकता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। मेले का उद्घाटन बरखेड़ा के विधायक प्रवक्तानंद महाराज, वरिष्ठ समाजसेवी ए.के. सिंह, पंजाबी महासभा के प्रदेश सचिव मनोज वाधवा ने संयुक्त रूप से किया। जबकि समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या, जिला पंचायत सदस्य रंजीत नामधारी, ललौरीखेड़ा के ब्लॉक प्रमुख विजय कुमार, और किसान आयोग के उपाध्यक्ष राजपाल सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व नगर पंचायत चेयरमैन अजय गोयल और वरिष्ठ भाजपा नेता कपिल अग्रवाल के नेतृत्व में किया गया। मेले में दोनों राज्यों के प्रतिभाशाली गायक, नर्तक, गजल गायक और विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति, धार्मिक और सामाजिक संदेशों से ओतप्रोत प्रस्तुतियाँ



दीं। विदित हो कि मेले का शुभारंभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा किया जाना था, किंतु खराब मौसम के कारण वे उपस्थित नहीं हो सके। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि मझोला जैसे सीमांत क्षेत्रों में ऐसे आयोजन समाज में भाईचारा और समरसता को बढ़ावा देते हैं। तीन दिवसीय मेले में सोलो और ग्रुप डांस, डांडिया, सनातनी प्रश्नोत्तरी, लकी ड्रॉ, सिंगिंग, रंगोली, फैंसी ड्रेस और वन मिनट प्रतियोगिता जैसी अनेक रोचक प्रतिस्पधाएं आयोजित की गईं। देर रात तक चले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हजारों दर्शकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मेले में गुरुद्वारा सिंह सभा खटीमा के प्रतिनिधि अमरजीत सिंह, पूर्वांचल महासभा चंपावत विधानसभा उपाध्यक्ष सुमित ठाकुर, गुलशन गोल्ड, साबी हांडा, मनीष अरोड़ा, कार्तिक गोगिया, नितिन गोयल, कोरियोग्राफर राकेश कुमार, सोनू हांडा, विक्की अंसारी और संतोष अग्रवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। न्यूरिया सीओ गायत्री यादव ने मेले की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हर वर्ष होते रहने चाहिए ताकि समाज का हर वर्ग एकता और भाईचारे के मार्ग पर चल सके। मेले के आयोजक कपिल अग्रवाल ने कहा कि श्री रामलीला कमेटी हर वर्ष इस मेले का आयोजन करती आ रही है। आने वाले समय में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों के प्रतिभाशाली युवाओं को भी इस मंच से अपनी कला दिखाने का अवसर दिया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन एंकर मनीषा पांडे ने किया। मेले के समापन पर सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# संदिग्ध हालातों में वृद्ध लापता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मौहल्ला खेड़ा से करीब ड़ेढ़ माह पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध लापता हो गया। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की सूचना पुलिस को दे दी है। सोहन लाल पुत्र प्रताप सिंह निवासी खेड़ा, वार्ड 17 नियर सन्तोषी माता मन्दिर का कहना है कि उसके पिता प्रताप सिंह उम्र 60 वर्ष पुत्र राम प्रसाद जो कि दिमागी तौर पर कमजोर है। 10 सितम्बर को शाम अपने घर से बिना बताये कहीं चले गये। पिता को सभी सम्भावित क्षेत्रों में खोजा गया लेकिन उनका कही कुछ पता नहीं चल सका है । पुलिस ने लापता वृद्ध की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी खोजबीन शुरू कर दी है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)




# मिशन संवाद से आईजी रिद्धिम बनी संवेदना को नीति में बदलने वाली अधिकारी

## सीएम धामी के नेतृत्व में आईजी की पहल से पुलिस बल में तनाव घटा है, आत्मबल बढ़ा है और सकारात्मक सोच विकसित हुई

नैनीताल। उत्तराखण्ड पुलिस के इतिहास में "मिशन संवाद" एक ऐसा अध्याय बन चुका है जिसने शासन और प्रशासन की परिभाषा को नई दिशा दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व और कि, पुलिस कर्मियों के मानसिक संतुलन को मजबूत करना, उनके परिवारों में सुख-शांति का वातावरण बनाना, और उनके बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए ठोस आधार तैयार करना। यह अभियान जुलाई 2025) के अवसर पर कहा था कि पुलिस बल सिर्फ कानून की रक्षा करने वाला अंग नहीं, बल्कि समाज की आत्मा को स्थिर रखने वाला आधार है। यदि उनका मन प्रसन्न और परिवार संतुलित है। आईजी कुमाऊँ रिद्धिम अग्रवाल के नेतृत्व में "मिशन संवाद" पुलिस परिवार के भीतर उस मौन पीड़ा को सुनने का माध्यम बना है, जो अक्सर वर्दी के भीतर दब जाती है। उनका मानना है कि, वर्दी के वाला नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा का वाहक है। मिशन संवाद अब एक कार्यक्रम से आगे बढ़कर एक संवेदनशील आंदोलन बन गया है , जो हर उस पुलिस कर्मी को यह संदेश देता है कि संवेदना करियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित किए, जिनमें बच्चों को भविष्य की दिशा तय करने के व्यावहारिक सुझाव दिए गए। इन सत्रों का सबसे महत्वपूर्ण संदेश यही था कि सफलता सिर्फ अंकों में नहीं, जीवन के संतुलन में है








पुलिस महानिदेशक उत्तराखण्ड के कुशल मार्गदर्शन में, कुमाऊँ की पुलिस महानिरीक्षक श्रीमती रिद्धिम अग्रवाल की संवेदनशील दृष्टि के अंतर्गत संचालित यह पहल केवल एक प्रशासनिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक मानसिक स्वास्थ्य क्रांति है , जिसने पुलिस बल को मन, परिवार और समाज तीनों स्तरों पर सशक्त किया है। "मिशन संवाद" का उद्देश्य स्पष्ट है उस "संवाद संस्कृति" को पुनर्जीवित कर रहा है, जो आधुनिक पुलिसिंग में कहीं खो सी गई थी। जैसे श्रीकृष्ण ने अर्जुन को संवाद के माध्यम से धर्म, कर्तव्य और संतुलन का बोध कराया था, वैसे ही "मिशन संवाद" आज के पुलिस बल को करुणा, आत्मबल और संवेदनशीलता का बोध करा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने "मिशन संवाद" के शुभारंभ (05 होगा, तभी शासन सशक्त होगा। इसी सोच को व्यवहारिक रूप देते हुए, सरकार ने एक 'संवाद मोबाइल एप' लॉन्च किया, जिसके माध्यम से अब तक लगभग 1000 से अधिक पुलिस कर्मियों ने विशेषज्ञ काउंसलिंग प्राप्त की है। इसने न केवल पुलिस बल के भीतर खुला संवाद तंत्र स्थापित किया है, बल्कि मानवता आधारित प्रशासन की नींव को भी मजबूत किया भीतर भी एक इंसान है, जिसके पास भावनाएँ, संघर्ष और परिवार है। जब वह भीतर से शांत और संतुलित होगा, तभी वह जनता के प्रति संवेदनशील हो सकेगा। उनकी पहल ने यह साबित किया है कि संवेदनशील पुलिसिंग कोई सिद्धांत नहीं, बल्कि प्रशासनिक व्यवहार की नई परंपरा है। उन्होंने हर पुलिसकर्मी को यह एहसास दिलाया है कि वह सिर्फ ड्यूटी निभाने कमजोरी नहीं, सेवा का सर्वोच्च रूप है। पुलिस लाइन नैनीताल में आयोजित संवाद वेलनेस मेला 2025 इस पूरे अभियान की आत्मा बनकर उभरा। इस कार्यक्रम में कुमायूँ परिक्षेत्र के विभिन्न जनपदों से आए पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।दिल्ली से आमंत्रित विशेषज्ञ काउंसलरों ने कक्षा 9 से 12 तक अध्ययनरत पुलिस कर्मियों के बच्चों के लिए और यही संतुलन मिशन संवाद' का सार है। इस मेले ने न केवल मानसिक स्वास्थ्य को बल दिया, बल्कि पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों के बीच विश्वास, संवाद और आत्मीयता की नई डोर भी जोड़ी। इस मौके पर कुमाऊ कमिश्नर दीपक रावत भी मौजूद रहे और उन्होंने इस संवाद मिशन की जमकर सराहना की और इसको एक पुलिस कर्मियों के लिए बेहद लाभदायक बताया।

## अल्मोड़ा, हल्द्वानी, नैनीताल, रुद्रपुर और खटीमा में मानसिक स्वास्थ्य एवं संवाद कार्यशालाएं आयोजित

नैनीताल। अब तक मिशन संवाद के अंतर्गत अल्मोड़ा, हल्द्वानी, नैनीताल, रुद्रपुर और खटीमा में मानसिक स्वास्थ्य एवं संवाद कार्यशालाएँ आयोजित की जा चुकी हैं, जिनमें 400 से अधिक पुलिस कर्मियों ने सक्रिय भागीदारी की है। इन कार्यशालाओं के परिणाम उत्साहवर्धक रहे हैं, तनाव घटा है, आत्मबल बढ़ा है और पुलिस बल में सकारात्मक सोच विकसित हुई है। यह स्पष्ट प्रमाण है कि यदि नेतृत्व सुनने वाला और समझने वाला हो, तो परिवर्तन गहराई तक जाता है। मिशन संवाद ने यह साबित किया है कि मानसिक स्वास्थ्य की मजबूती ही सेवा की स्थायित्व शक्ति है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और आईजी रिद्धिम अग्रवाल की इस संयुक्त पहल ने पुलिस बल में मानवता, मनोबल और मिशन, तीनों का अद्भुत संतुलन स्थापित किया है। अब उत्तराखण्ड पुलिस सिर्फ कानून की रक्षक नहीं, बल्कि समाज की संवेदनशील साथी बन चुकी है।






## अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने जागेश्वर धाम में टेका मत्था

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला शनिवार को अपने परिवार के साथ प्रसिद्ध जागेश्वर धाम पहुंची। इस दौरान उन्होंने भगवान जागेश्वर महादेव के दर्शन कर रुद्राभिषेक किया। आचार्य निर्मल भट्ट ने संपूर्ण विधि-विधान से पूजन संपन्न कराया। विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में पूजा-अर्चना के बाद अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने कहा कि जागेश्वर धाम में आकर उन्होंने अद्भुत शांति और दिव्यता का अनुभव किया और भगवान महादेव से सभी के कल्याण की कामना की। इस अवसर पर प्रधान पुजारी हेमंत भट्ट, आचार्य गिरीश भट्ट, आचार्य लोकेश भट्ट, आचार्य सागर भट्ट, आचार्य कमल सनवाल, आचार्य गोकुल भट्ट सहित मंदिर के पुजारियों ने अभिनेत्री उर्वशी रौतेला और उनके परिवार का स्नेहपूर्वक स्वागत किया।



